Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कर्नाटक सरकार

# समाज विज्ञान

हिंदी माध्यम

## SOCIAL SCIENCE
## Hindi Medium

(परिष्कृत)

©KTBS
Not to be republished

6

## छटी कक्षा

भाग - I

कर्नाटक पाठ्यपुस्तक संघ (रजि.)
100 फूट रिंग रोड, बनशंकरी 3 रा टप्पा
बेंगलूरु - 560 085.

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# Preface

The Textbook Society, Karnataka, has been engaged in producing new textbooks according to the new syllabi which in turn are designed on NCF - 2005 since June 2010. Textbooks are prepared in 12 languages; seven of them serve as the media of instruction. From Standard 1 to 4 there is the EVS, mathematics and 5th to 10th there are three core subjects, namely, mathematics, science and social science.

NCF - 2005 has a number of special features and they are:

- connecting knowledge to life activities.
- learning to shift from rote methods.
- enriching the curriculum beyond textbooks.
- learning experiences for the construction of knowledge.
- making examinations flexible and integrating them with classroom experiences.
- caring concerns within the democratic policy of the country.
- making education relevant to the present and future needs.
- softening the subject boundaries-integrated knowledge and the joy of learning.
- the child is the constructor of knowledge.

The new books are produced based on three fundamental approaches namely, Constructive approach, Spiral approach and Intergrated approach.

The learner is encouraged to think, engage in activities, master skills and competencies. The materials presented in these books are integrated with values. The new books are not examination oriented in their nature. On the other hand they help the learner in the all round development of his/her personality, thus help him/her become a healthy member of a healthy society and a productive citizen of this great country, India.

Mathematics is essential in the study of various subjects and in real life. NCF 2005 proposes moving away from complete calculations, construction of a framework of concepts, relate mathematics to real life experiences and cooperative learning. Many students have a maths phobia and in order to help them overcome this phobia, jokes, puzzles, riddles, stories and games have been included in textbooks. Each concept is intoduced through an activity or an interesting story at the primary level. The contributions of great Indian mathematicians are mentioned at appropriate places.

We live in an age of Science and Technology. During the past five decades man has achieved great things and realized his dreams and reached pinnacle of glory. He has produced everything to make life comfortable. In the same way he has given himself to pleasures and reached the stage in which he seems to have forgotten basic sciences. We hope that at least a good number of young learners take to science in higher studies and become leading scientists and contribute their share to the existing stock of knowledge in order to make life prosperous. Ample opportunity has been given to learners to think, read, discuss and learn on their own with very little help from teachers. Learning is expected to be activity centered with the learners doing experiments, assignments and projects.

6th standard Social Science Textbook has been prepared based on the prescribed syllabus. And all the features of NCF 2005 and KCF 2007 have been included in the Textbook. This new Textbook has given importance to enhance the creativity of students by including activities. Many projects are included to help students to gain knowledge. This Textbook has been written in such a way that students need not memorise historical dates and other information.

The Textbook Society expresses grateful thanks to the Chairpersons, Writers, Scrutinisers, Artists, Staff of DIETs and CTEs and the Members of the Editorial Board and Printers in helping the Textbook Society in producing these textbooks.

**Prof. G.S. Mudambadithaya**
Co-ordinator
Curriculum Revision and Textbook Preparation
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka.

**Nagendra Kumar**
Managing Director
Karnataka Textbook Society®
Bengaluru, Karnataka.

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# To The Teachers

The Textbook on Social Science for VI Standard students has been written as per the syllabus prepared by D.S.E.R.T. on the basis of National Curriculum Framework (NCF) 2005. The Textbook is also a product of several training programmes and workshops. Some of the distinctive features of the Textbook may be noted.

- At the beginning of every Lesson there is short introduction. This is followed by a list of competencies to be attained by the students after the study of the Lesson. Lessons on History have been introduced by rousing the curiosity of the students through short and pointed questions or pictures of historical structures and sculptures. The teachers are expected to use the pictures given in the text as supporting effective learning. Teaching of History has to be done with reference to maps which are prepared in a clear and precise manner.
- Only important historical dates have been given in the text. For the benefit of the teachers, chronology pertaining to each Lesson has been given at the end so that the time perspective is not missed. Teachers are expected to eliminate the burden of dates, and not to ask any questions on chronology except the dates given in the text.
- At the end of the Lessons, Activities have been suggested. Teachers are required to guide and motivate the students to undertake as many activities as possible, if not all. For the sake of gifted children, additional information has been given in boxes. Teachers are expected not to ask oral or written questions on the material given in the boxes.
- It will be the duty of the teacher to use the items under 'Discuss' for a healthy intellectual interaction between the students and the teacher in order to bring out the hidden potentiality of the students.
- The emblems given at the very beginning of the Lessons on History may be effectively used to support the teaching process. In the Lessons on Geography, additional information has been given at the end. In order to create interest in Geography, pictures have been incorporated in the text.
- The actual material for study has been indicated by the icons at the beginning and the end. The Lessons have been spread over I and II Semesters keeping in mind the teaching periods available to the teachers.
- With all this, if any lapses are found, the parents may bring them to the notice of the teachers, so that the quality of the Textbook may be enhanced.
- We thank the Members of the Textbook Preparation Committee, Scrutinizers, Members of the Editorial Board, and the officers and staff of the Karnataka Textbook Society for their cooperation and support.

**Dr. S. Narendra Prasad**
Chairperson
Textbook Preparation Committee

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# Textbook Preparation Committee

**Chairperson** : ***Dr. S. Narendra Prasad,*** *Associate Professor, History Dept., J.S.S. College for Women (Autonomous), Saraswathipuram, Mysuru.*

**Members** : ***Dr. P.Sathish Kumar Shetty,*** *Associate Professor, History Dept., Besant Evening College, Mangaluru.*
**Dr. Balasaheb Lokapura,** *Lecturer in Geography, Government P.U.College, Bagalkot.*
**Sri Shankar Basavanneppa Kyasti,** *Asst. Teacher, Govt. Hr. Pry. School, Hidkal, Mannikeri Tota, Raibag.*
**Sri Hussain Shariff,** *Asst. Teacher, Government Model Hr.Pry. School, Musturu, Jagaluru. Davanagere Tq.*

**Artist** : **Sri Taranath Kairangal,** *Drawing Teacher, Govt. High School, Manchikolnad, Bantwal Tq. D.K. Dist.*

**Scrutinizers** : **Sri Raghavendra Prabhu M.,** *Associate Professor, History (Retd.), Dambel, Ashoknagar, Mangaluru.*
**Sri Mallappa P.,** *Associate Professor, Geography (Retd.), J.S.S. Extension, Mysuru.*

**Editorial Committee** : **Dr. M.V.Srinivas,** *Professor of History (Retd.), H.Road, Rajarajeshwarinagar, Bengaluru.*
**Dr. R.L.M. Patil,** *Professor of Political Science (Retd.). 1105 Poornaprajnanagar, Uttarahalli, Bengaluru.*
**Dr. Eshwarappa,** *Head of Dept. of Geography, Bengaluru University, Bengaluru.*

**Hindi Translators** : **Sri Srinivas K. Panchariya,** *Retd. Head Master), Guledgudda, Bagalkot Dist. 587 203.*

**Sri Sudhakar Mahendrakar,** *Asst. Teacher (Hindi) G.H.S Narayanpur, Basava Kalyan Tq. Bidar Dist.-585 327.*

**Sri Srinivas Kumar,** *Asst. Teacher (Hindi) G.J.C Nidsale, High School Section, Kunigal Tq. Tumakuru Dist.-572 123.*

**Chief Co-ordinator** : **Prof. G.S. Mudambadithaya,** *Co-ordinator, Curriculum Revision and Textbook Preparation, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.*

**Guidance** : **Sri Nagendra Kumar** *Managing Director, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.*

**Smt C. Nagamani,** *Deputy Director, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.*

**Programme Co-ordinator** : **Smt S.N. Leelavathi,** *Senior Asst. Director, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.*

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## About the Revision of Textbooks

Honourable Chief Minister Sri Siddaramaiah who is also the Finance Minister of Karnataka, in his response to the public opinion about the new textbooks from standard I to X, announced, in his 2014-15 budget speech of constituting an expert-committee, to look into the matter. He also spoke of the basic expectations there in, which the textbook experts should follow: "The textbooks should aim at inculcating social equality, moral values, development of personality, scientific temper, critical acumen, secularism and the sense of national commitment", he said.

Later, for the revision of the textbooks from class I to X, the Department of Education constituted twenty seven committees and passed an order on 24-11-2014. The committees so constituted were subject and class-wise and were in accordance with the standards prescribed. Teachers who are experts in matters of subjects and syllabi were in the committees.

There were already many complaints, and analyses about the textbooks. So, a freehand was given in the order dated 24-11-2014 to the responsible committees to examine and review text and even to prepare new text and revise if necessary. Eventually, a new order was passed on 19-9-2015 which also gave freedom even to re-write the textbooks if necessary. In the same order, it was said that the completely revised textbooks could be put to force from 2017-18 instead of 2016-17.

Many self inspired individuals and institutions, listing out the wrong information and mistakes there in the text, had sent them to the Education Minister and to the Textbook Society. They were rectified. Before rectification we had exchanged ideas by arranging debates. Discussions had taken place with Primary and Secondary Education Teachers' Associations. Questionnaires were administered among teachers to pool up opinions. Separate meetings were held with teachers, subject inspectors and DIET Principals. Analytical opinions had been collected. To the subject experts of science, social science, mathematics and languages, textbooks were sent in advance and later meetings were held for discussions. Women associations and science related organisations were also invited for discussions. Thus, on the basis of inputs received from various sources, the textbooks have been revised where ever necessary.

Another important aspect has to be shared here. We constituted three expert committees. They were constituted to make suggestions after making a comparative study of the texts of science, mathematics and social science subjects of central schools (NCERT), along with state textbooks. Thus, the state text books have been enriched based on the comparative analysis and suggestions made by the experts. The state textbooks have been guarded not to go lower in standards than the textbooks of central schools. Besides, these textbooks have been examined along side with the textbooks of Andhra Pradesh, Kerala, Tamil Nadu and Maharashtra states.

Another clarification has to be given here. Whatever we have done in the committees is only revision, it is not the total preparation of the textbooks. Therefore, the structure of the already prepared textbooks have in no way been affected or distorted. They have only been revised in the background of gender equality, regional representation, national integrity, equality and social harmony. While doing so, the curriculum frames of both central and state have not been transgressed. Besides, the aspirations of the constitution are incorporated carefully. Further, the reviews of the committees were once given to higher expert committees for examination and their opinions have been inculcated into the textbooks.

Finally, we express our grateful thanks to those who strived in all those 27 committees with complete dedication and also to those who served in higher committees. At the same time, we thank all the supervising officers of the Textbook Society, who sincerely worked hard in forming the committees and managed to see the task reach its logical completion. We thank all the members of the staff who co-operated in this venture. Our thanks are also to the subject experts and to the associations who gave valuable suggestions

**Narasimhaiah**
Managing Director
Karnataka Textbook Society (R)
Bengaluru.

**Prof. Baraguru Ramachandrappa**
Chairman-in-Chief
Textbook Revision Committees
Karnataka Textbook Society
Bengaluru.

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# Textbook Revision Committee

## Chairman-in-Chief :

**Prof. Baraguru Ramachandrappa**
State Textbook Revision Committee, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.

## Chairperson :

**Dr. T.R. Chandrashekar**
Consultant, 4th Finance Commission, 3rd Floor, Kaneuja Bhavan, Race course Road, Bengaluru-1.

## Members :

**Dr. Basavaraj**
Assistant Professor (Department of Political Science)
University of Tumakuru, Tumakuru.

**Dr. N.R. Hadapada**
Lecturer in Geography, Sri Channabasaveshwara Pre-university College, B. Aralikatte, Hubballi Taluk, Dharwad District.

**Sri. H.G. Rajesh**
Lecturer, Govt. Pre-university College, Dodderi, Bengaluru South Tq, Bengaluru - 562130.

**Sri. P.M. Kaginkar**
Assistant Master, Govt. High School, Changavara, Sira Taluk, Tumakuru District.

**Smt. Rajalakshmi. S.**
Assistant Mistress
Govt. Pre-university College (High School Section), Srirampuram, Bengaluru North District.

**Smt. Shahina Begum**
Assistant Mistress
Stree Samaja, Sheshadripuram Highschool, Bengaluru North District.

## Artist :

**Sri. D.N. Venkatesh**
Drawing Teacher, GHS, Uramara, Kasalagere, Mandya District

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## High Power Revision Committee

**Dr. M.S. Talwar**
#777, 'Jenugudu'
5th Block, Banashankari 6th Stage,
Metkalpalya, Bengaluru-60.

**Dr. Amaresh Yatagal,**
Assistant Professor,
Dept. of History and Archaeology,
Rani channamma University, P.G. Centre,
Toravi, Vijayapura - 586105

**Dr. N. Nandeeshwara**
Principal
S.M.R. P.U College,
Kallambella, Sira Taluk,
Tumakuru Dist - 572125.

**Sri. Manjunath Ayli**
History Lecturer,
Government Pre-University College,
Police Colony, Raichur - 584101.

### Chief Advisors :

**Sri. Narasimhaiah**
Managing Director,
Karnataka Textbook Society,
Bengaluru.

**Smt. C. Nagamani**
Deputy Director,
Karnataka Textbook Society,
Bengaluru.

### Programme Co-ordinator :

**Smt. S. N. Leelavathi**
Senior Asst. Director,
Karnataka Textbook Society,
Bengaluru.

## Translators

**Smt. Shakuntala Kulkarni**
Retd Teacher
Bengaluru.

**Dr. P.V. Padmini**
A.M. Govt girls High School
Dalavayi School Premises
Nanjanagudu-571301

**Smt. Nirmala G.V.**
Retd Teacher
Bengaluru.

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# अनुक्रमणिका


| पाठ क्रमांक | इतिहास | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1 | इतिहास परिचय | 1 |
| 2 | हमारा कर्नाटक | 8 |
| 3 | प्रारंभिक समाज | 50 |
| 4 | प्राचीन नागरीकता | 58 |
| 5 | वेद काल की संस्कृति | 76 |
| 6 | ईसाई धर्म - इस्लाम धर्म | 80 |
| 7 | नए धर्मों का उदय | 85 |
| 8 | उत्तर भारत के प्रमुख राजवंश | 92 |
| | नागरिकशास्त्र | |
| 9 | नागरिकता | 112 |
| 10 | राष्ट्रीय चिह्न (प्रतिक) तथा राष्ट्रीय भावैक्यता | 115 |
| | भूगोल विज्ञान | |
| 11 | ग्लोब तथा मानचित्र (नक्शा) | 121 |
| 12 | एशिया विविधतायुक्त खंड | 132 |


©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 1 | इतिहास परिचय |
|---|---|

**पाठ परिचय**

इस पाठ में इतिहास का अर्थ समझाया गया है। इतिहास का उपयोग के बारे में बताया गया है। इतिहास के रचना करने में इस्तेमाल होनेवाले अलग-अलग आधारों का सूची बनाया गया है । भारत का इतिहास रचना में विविध युरोपियनों का योगदान भी बताया गया है ।

**सामार्थ्य -**

1. इतिहास का परिकल्पना समझना ।
2. इतिहास का महत्व जानना ।
3. इतिहास रचना में आधारों का महत्व जानना ।
4. भारत के इतिहास को युरोपियनों की देन क्या है ? याद करना ।

© KTBS Not to be republished

**इतिहास क्या है ?** पिछले दिनों में हुए घटनाओं को क्रमबद्ध रूप से बताना ही इतिहास है । यह आदमी के सफर के बारे में बताता है । उस राह में मानव का सफलता और विफलता का विवरण भी देता है । इतिहास घटना का विवरण देते समय, काल, स्थान और व्यक्ति का निर्दिष्ट रूप और दयित्व रहता है। मतलब घटना कब, कहाँ और किससे हुआ ? यह स्पस्ट रहता है। अगर यह स्पष्ट रूप में नहीं है तो इतिहास कहानी बन जाता है।

**कहानी और इतिहास में अंतर देखिए ।**

- एक जमाने में एक गाँव में एक राजा था । वह एक युद्ध किया ।
- श.पू.261 मध्ये पाटलीपुत्र येथे राज्य करत असलेल्या अशोक राजाने कलिंगचे युद्ध केले

**इतिहास क्यों चाहिए?:** बच्चों, कल्पना किजिए आप आग की ज्वाला को छूते



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हैं, तब क्या होता है? आग से जलता है न? यही अनुभव है । और एक बार आप आग के पास जाते हैं क्या? नहीं । क्यों कि आग से पहले अपका हाथ जल गया है न? हाँ । इसीको स्मृति या स्मरण शक्ति कहते हैं। अगर आदमी को स्मरणशक्ति नहीं होता तो क्या करते ? किया हुआ गलती ही बार-बार करते थे । है न? इससे मानव का विकास नहीं होता ।



इतिहास का पितामह हेरोडोटस

तो मानव का विकास के लिए जैसा स्मरण शक्ति है वैसा ही एक समाज या एक देश का विकास को स्मरणशक्ति चाहिए न? हाँ, रहना चाहिए। तो समाज या देश का स्मरणशक्ति कौन - सा है?

वही इतिहास ! हाँ, मानव को जिस तरह स्मरणशक्ति है उसी तरह एक समाज, राज्य देश या दुनिया के लिए इतिहास ही स्मरणशक्ति है । हमारे पूर्वजों के अच्छे या गलत निर्णयों से क्या कुछ हुआ है, इसे इतिहास हमें बताता है। इसके अलावा आगे के निर्णय लेते वक्त हमें चौकन्ना रहने की प्रेरणा मिलती है। इतिहास में रहे हमारे पूर्वजों के तत्वादर्श, विचारधाराएँ अगले पीढी को आदर्श और मार्गदर्शी होते हैं। उनके शौर्य, पराक्रम, त्याग-बलिदान आगे की पीढी को प्रेरणा देता है।

ऐसा अमूल्य इतिहास की रचना किस तरह करना इसे दुनिया को पहली बार ग्रीक, देश का होरडोटस् ने सिखाया। इसलिए उसे इतिहास का पितामह कहते हैं।

**आधार :** इतिहास की रचना करनेवालों को इतिहासकार कहते हैं। वे इतिहास

© KTBS
Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

को सच्चाई से रुबरु करने के लिए साक्ष्याधारों का इस्तेमाल करते हैं। इसलिए कहते हैं आधार के बिना इतिहास नहीं है। तो इतिहास के आधार क्या है ? यह प्रश्न आपके मन में आता होगा । इतिसास के आधार में मुख्य रुप दो हैं ।

1. साहित्यिक आधार 2. पुरातत्व आधार

**साहित्यिक आधार :** इतिहास का आधार साहित्य मतलब लिखित आधार या एक दूसरे से कहते-सुनते आई बातें। इनके, दो रुप हैं 1. लिखित साहित्य 2. मौखिक साहित्य लिखित साहित्य को देशीय साहित्य और विदेशीय साहित्य ऐसे दो भागों में विभाजित किया जाता है। मौखिक साहित्य में जानपद गीत, कथाएँ, लावणी, कही-सुनी बातें आती हैं। लिखित साहित्य की रचना करनेवाले पढेलिखे होते हैं और मौखिक साहित्य रचना करनेवाले अनपढ होते हैं।

**पुरातत्व आधार :** आदि मानवों से निर्मित और उपयोग किया गया भौतिक वस्तुओं का अवशेष ही पुरातत्व आधार हैं । भूमि के नीचे दबे हुए अवशेषों को उत्खनन द्वारा बाहर निकाला जाएगा। पुरातत्व आधार के अंदर मटके के टुकडे, सिक्के, शासन, स्मारक आदि अवशेष आते हैं ।

उत्खनन का मतलब है कि मानव के प्राचीन अवशेष और जीवाश्म बाहर निकालने के लिए वैज्ञानिक रुप से जमीन की खुदाई करना । ब्रश, चाकू, लकडी के नुकीली साधनों के सहारे धीरे-से मिट्टी का परत निकालते हैं । उस मिट्टी में मिलनेवाले मटके के टुकडे, सिक्के, माणि, हड्डियाँ आदि अवशेषों को बाहर निकालकर अध्ययन करना है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**युरोपियनों से परिचय कराया गया भारत :** भारतीयों को इतिहास का परिचय पुराण और कही-सुनी बातों से प्राचीन काल से ही था। पर यह युरोपियान द्वारा रचित इतिहास के रुप से भिन्न था। 16 वी शताब्दी के बाद भारत आए युरोपियनों में कुछ जेसूट धर्मगुरु भी थे। वे भारतीयों का जीवन शैली समझने के लिए व्यवस्थित अध्ययन शुरु किया। उनमें आग्रा में रहनेवाला हेन्रिच रोथ(Heinrich Roth) ने आज से 350 साल पहले संस्कृत व्याकरण को पहली बार ल्याटिन भाषा में लिखा। एक शताब्दी के बाद धर्मगुरु कारडाक्स(Couredoux) ने संस्कृत और युरोपियन भाषाओं में संबंध पहचाना। इसी समय ब्रिटिशों को बंगाल का दीवानी हक (कर संग्रह करने का अधिकार) मिला। इसलिए ब्रिटिश अधिकारी भारतीयों से व्यवहार करने के लिए भारतीय इतिहास, संप्रदाय, आचार, विचार, भरोसा और कानून समझने आगे बढे। कुछ अधिकारी भारतीयों के साहित्य और संस्कृति की ओर आकर्षित हो गए। परिणाम स्वरुप मनुस्मृति, भगवद्गीता आदि अभिजात साहित्य कृति के अनुवाद अंग्रेजी में हुआ।



**विलियम जोन्स**



**म्याक्स मुल्लर**

भारतीयशास्त्र (इंडालजी) अध्ययन को महत्व देनेवाला अंग्रेज अधिकारी था सर विलियम् जोन्स। बंगाल के सर्वोच्च न्यायालय के न्यानाधीश सा.श 1784 में 'दि एसियाटिक सोसायटी' नामक संस्था कलकत्ता में स्थापित किया। बहुभाषा पंडित विलियम् जोन्स गीतगोविन्द, मानवधर्मशास्त्र ग्रंथों के अलावा कालिदास का शकुन्तला कृति को भी संस्कृत से अंग्रेजी में अनुवाद किया, और एक प्रमुख पौरात्यवादी और भारतीय शास्त्रज्ञ म्याक्समुल्लर जर्मन देशवासी थे। उन्होंने 'सेक्रेड बुक् ऑफ दि ईस्ट' नाम का 50 संपुट अंग्रेजी में लाए। उपयुक्तवादी जेम्स मिल् नामक स्काटलैंड का

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

इतिहासकार 'हिस्टरि ऑफ इंडिया' नाम का 6 संपुटों का भारत इतिहास की रचना की। म्याक्समुल्लर और जेम्स विलियम् भारत कभी नहीं आए थे।



अबे डुबास

अबे डुबाय्स(अललश र्ऊीलेळी) नामक फ्रेंच मिशनरि श्रीरंगपट्टण के पास का गंजां आके रहे। स्थानीय संस्कृति अपनाकर सन्यासी की तरह रहनेवाले इसको लोग दोड्ड स्वामी बुलाते थे। वे 'हिन्दु म्यानेर्स कस्टम्स अंड सेरेमनीस' नामक कृति की रचना की। इसमें भारतीयों का आचार-विचार, त्योहार, वर्णाश्रम व्यवस्था आदी के बारे में लिखा है। 24 साल यहाँ रहकर अबे डुबाय्स बाद में फ्रान्स चले गए।

इनके अलावा एल्फिनस्टन, कोल ब्रूक, कन्निन्गह्याम इलियेट और डासन आदी भारत चरित्र का विविध स्तरों का परिचय दिया है । फ्रान्सिस बुकानान्, कर्नल विल्क्स, मेकेंजी, बी.एल.रैस, फ्लीट आदी युरोपियन कर्नाटक चरित्र के अमूल्य आधार माने गए शासन, कैफियत, हस्तप्रति, बकैर आदी को इकट्ठा करने में और समकालीन विषयों को बताने में सक्षम हुए थे। इस तरह भारतीयों को चरित्र का नया रुप और क्रम को सिखाने में युरोपियन सफल हुए। इस तरह भारतीयों का आलोचना को ही बदल डाला।

**नए शब्दों का परिचय**

- जेसूट (Jesut) : इग्नेशियस् लयोला सा.श.1534 में पेरिस में जीसस संघ का स्थापना किया। यह पुरुष कैथोलिक पंथ के धर्मासक्तों का सभा (Congregation of religious) था ।
- मिषनरी (Missionary) : ईसाई धर्म प्रचार के लिए विदेश भेजे जानेवाले धर्मप्रचारक।
- भारतीय शास्त्र (Indology) : भारत का इतिहास और संस्कृति के बारे में अध्ययन करानेवाला शास्त्र।
- पौरात्यवादी (Orientalist) : पूरब देशों का इतिहास, संस्कृति, अध्यात्म आदी में रुचि रखनेवाले युरोपियन विद्वान।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**I. खाली जगहों को ठीक शब्दों से भरिए।**

1. इतिहास का पितामह ............।
2. दि एसियाटिक सोसायटी का स्थापक .............।

**II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।**

1. इतिहास किसे कहते हैं?
2. इतिहास का पितामह कौन है? वह किस देश का है?
3. बिना आधार का इतिहास नहीं क्यों?
4. इतिहास के आधारों का सूची बनाइए।
5. पुरातत्व आधार किसे कहते हैं?
6. भारतीय शास्त्र पर अध्ययन किए इतिहासकारों के नाम बताइए।

**III. समूह बनाकर चर्चा करके उत्तर दिजिए।**

1. अबे डुबाय्स के बारें में टिप्पणी लिखिए।

**IV. नीचे के 'ए' और 'बी' सूची के विषयों को जोडकर लिखिए ।**

| **अ** | **ब** |
|---|---|
| कालिदास | हिस्टरी ऑफ इंडिया |
| म्याक्स मुल्लर | दि एसियाटिक सोसायटी |
| जेम्स मिल | सीक्रेड बुक ऑफ दि ईस्ट |
| विलियम् जोन्स | शाकुन्तल |

**चर्चा कीजिए।**

इतिहास हमें क्यों चाहिए?

**क्रिया कलाप**

बुजुर्गों से कथा सुनिए। उसे अपने वाक्यों में लिखिए।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 2 | हमारा कर्नाटक |
|---|---|

**पाठ परिचय**

हमारी बोली कन्नड है। हमारा राज्य कर्नाटक है। हमारे राज्य के इतिहास के बारे में प्राकृतिक संसाधनों के बारे में, कृषि, उद्योग, व्यापार, आदि के बारे में जानना आवश्यक है। इसलिए इस अध्याय में अपने राज्य कर्नाटक के चार राजस्व विभागों का परिचय दिया जा रहा है। कर्नाटक के एकीकरण, कर्नाटक में हुए स्वतंत्रता संग्राम के बारे में आप पूर्व काफी जान चुके हैं। हमारे राज्य की नदियाँ, हमारी उत्पाद फसलें, हमारी उत्पाद सामग्री, हमारे बैंक, हमारी सिंचाई योजनाएँ, हमारे वन, हमारे वन्य जीव आदि के बारे मे यहाँ विस्तार से दिया जा रहा है। प्रशासानिक सुविधा की दृष्टि से हमारे राज्य को चार राजस्व विभागों में विभक्त किया गया है। इन चारो विभागों के बारे में यहाँ विस्तार से दिया गया है।

**सामर्थ्य**

इस अध्याय के अध्ययन के उपरान्त विध्यार्थी निम्नलिखित विषयों का ज्ञान प्राप्त कर लेंगे -

1. हमारे कर्नाटक राज्य के प्रशासन विभाग का इतिहास, विभागों के जिले, जिलों की विशेषताएँ तथा उनका महत्व जानेंगे।
2. हमारे राज्य के विविध विभागों में उत्पादित फसलें, जनसंख्या, उद्योग, नदियाँ आदि के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।
3. हमारा विभाग कौन सा है। इसकी विशेषता क्या है। यहाँ के प्राकृतिक संसाधन, वन, वन्यजीव, पक्षीधाम आदि के बारे में हमे जानकारी मिलेगी।
4. हमारे राज्य की कला, साहित्य, खेल, राजनीति आदि क्षेत्रों में ख्यात लोगों का परिचय विद्यार्थियों को प्राप्त होगा।
5. कुल मिलाकर इस अध्याय के बारे में निश्चितता पूर्वक बताने की क्षमता प्राप्त करेंगें।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## 1. कर्नाटक में प्रशासनिक विभाग

हमारा राज्य कर्नाटक है। हमारे राज्य का इतिहास लगभग 2000 वर्ष का माना जाता है। हमारे राज्य के अनेक भागों में प्राचीन प्रत्थर युग के केंद्र हैं। इतिहासकारों ने इन स्थानों की राज्य के विभिन्न भागों में पहचान की है। अपने राज्य के भव्य इतिहास के बारे में हम अगली कक्षा में जानेंगे । इस अध्याय में हमारे राज्य के चार विभागों के बारे में तथा उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे।

प्रत्येक विभाग के जिले, विभागों के प्राकृतिक संसाधन, कृषि, उद्योग, शिक्षा, साहित्य, कला, पर्यटन स्थल आदि की चर्चा की जाएगी। अंग्रेजों के शासन काल में विविध जिलों का निर्माण हुआ। कई प्रसंगों में जिला केंद्रों में परिवर्तन हुआ है। कुछ जिले छोटे हो गए हैं तो कुछ विस्तृत हुए हैं। उदाहरण के लिए - आज हम जिसे विजयपुर कहते हैं उसका जिला केंद्र कलादगी था। पुनः जिले निर्मित हुए । बडे जिलों का विभाजन कर दो जिले बनाए गए। हमारे राज्य में प्रशासनिक सुविधा की दृष्टी से चार राजस्व विभाग बनाए गए हैं। ये इस प्रकार हैं - बेंगलूरु विभाग (9 जिले), मैसूरु विभाग (8 जिले), बेलगावी विभाग (7 जिले)तथा कलबुरगी विभाग (6 जिले)। कुल 30 जिले हैं। प्रत्येक जिले का एक जिलाधिकारी होता है। (डिप्टी कमिश्नर)। इसी प्रकार विभाग का एक विभागीय अधिकारी होता है (डिवीजनल कमिश्नर)। इनमें चारों विभाग के जिले, उनकी विशेषताएँ, प्राकृतिक संसाधन, कृषि, उद्योग, नदियाँ, फसलें, वन, जलवायु, कला, साहित्य, जनपद, क्रीडा (खेल), उत्सव त्योहार आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की जाएगी।

### बेंगलूरु विभाग

हमारे राज्य की राजधानी बेंगलुरु है। यह एक प्रशासनिक राजस्व विभाग है। इस विभाग में 9 जिले आते हैं। इनके नाम इस प्रकार हैं - बेंगलुरु नगर, बेंगलुरु ग्राम, कोलार, चिक्कबल्लापुर, रामनगर, तुमकूरु, चित्रदुर्गा, दावणगेरे तथा शिवमोग्गा (मानाचित्र देखें)। हमारे राज्य के दक्षिणी भाग में यह स्थित है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



©KTBS Not to be republished

विभागानुसार कर्नाटक राज्य का मानचित्र



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**इतिहास**

कर्नाटक के समान ही बेंगलूरु विभाग का इतिहास प्राचीन है। इस भाग के प्राथमिक प्रशासक ने कुवालालपुर को राजधानी (वर्तमान कोलार) बनाकर गंग वंश के राजा शासन करते थे। इनके प्रशासन के बाद इस प्रदेश पर चोल, होयसल, विजयनगर, मराठा, मैसूर वोडेयर तथा विजयपुर के आदिलशाही वंश के राजाओं का शासन रहा। इनके शासित प्रदेश पालेपट्टु कहलाते थे। इन सेनापतियों को नायक कहा जाता था। ये सेनापति विजयनगर राजा के अधीन थे। उन्हें सेनापति कर तथा भेंट दिया करते थे। केलदी, चित्रदुर्गा, यलहंका, चिक्कबल्लापुर आदि प्रमुख पालेपट्टु थे। इन सेनापतियों का विवरण चौथे अध्याय में प्राप्त होगा ।




**बेंगलूरु विभाग का जिला मानाचित्र**

© KTBS Not to be republished

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. प्राचीन काल में कर्नाटक पर शासन करनेवाले तीन राजवंश कौन कौन से हैं?
2. बेंगलूरु विभाग में कितने जिले हैं?
3. इस विभाग पर शासन करनेवाले दो पालेपट्टु के नाम लिखिए।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**प्राकृतिक संसाधन**

प्रकृति से प्राप्त वस्तुएँ प्राकृतिक संसाधन कहलाते हैं । नदी, वन, घाटी, जलप्रपात, खनिजों की खानें, वन्य जीव, मिट्टी आदी प्रकृति द्वारा हमें प्राप्त सम्पत्ति हैं। यह विभाग उष्णकटि बंधीय मानसूनी जलवायु वाला है। किंतु विभाग के साभी जिलों में एक जैसी जलवायु नहीं है। कोलार जिला अत्यंत उष्ण (गर्म) है तो शिवमोग्गा अत्यंत वर्षावाला प्रदेश है। किंतु चित्रदुर्गा अत्यंत कम वर्षा का जिला है। शेष जिलों में तुमकूरु, दावणगेरे, रामनगर, चिक्कबल्लापुर आदि साधारण वर्षावाले क्षेत्र हैं।

इस जिले की अनेक प्रमुख नदियाँ पश्चिमी घाट से उद्गम पाती हैं। इस विभाग की प्रमुख नदियाँ उत्तर पिनाकिनी, दक्षिण पिनाकिनी, वेदावती, शिमषा पश्चिम दिशा की ओर बहती है। विश्वविख्यात जोग जलप्रपात शिवमोग्गा जिले में है। मुत्यालमडु नामक जलाशय बेंगलूरु नगर जिले में है। अनेक नदियों पर बाँध बनाए गए हैं। इस विभाग में कई प्रसिद्ध सरोवर (तालाब) हैं। मैसूर राजा ने बाधों का निर्माण करवाया। वाणीविलास बाँध ऐसी ही एक सिंचाईयोजना का बाँध है। यह चित्रदुर्ग जिले के हिरियूरु तालुक में है। इसी प्रकार मार्कोनहल्ली जलाशय भी एक है।

पर्यावरण प्रदूषण, वनविनाश, अत्याधिक नगरीकरण आदि कारणों से हमारी अनेक नदियाँ सूखती जा रही हैं। बेंगलूरु नगर जिले की अनेक नदियाँ विनाश के गर्त में हैं। अनेक सरोवर भू अक्रमण से नष्ट हो रहे हैं। इससे जल का अत्याधिक अभाव हो रहा है। सरोवरों, जलस्रोतों तथा अंतर्जलों की सुरक्षा के प्रति हम सभी को ध्यान देना अत्यंत आवश्यक है।

इस विभाग में अनेक खनिज निक्षेप हैं। सम्पूर्ण देश में समृद्ध रुप से स्वर्ण की खान कर्नाटक राज्य में हैं। कोलार स्वर्ण खान इसका प्रासिद्ध उदाहरण रहा है। किंतु वहाँ का स्वर्ण खनिज समात्प हो गया है । चित्रदुर्गा तथा तुमकूरु जिलों में लोह खनिज निक्षेप हैं तथा चित्रदुर्गा में ताँबे की खानें हैं । परमाणु शक्ति उत्पादन के लिए आवश्यक खनिज चित्रदुर्गा में प्राप्त माना जाता है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. प्राकृतिक संसाधनों से क्या तात्पर्य है? उदाहरण दीजिए।
2. बेंगलूरु विभाग में अत्याधिक वर्षा वाला जिला कौन सा है?
3. बेंगलूरु विभाग में पीने के पानी का अभाव होने का कारण क्या है?
4. बेंगलूरु विभाग के दो जलप्रपातों का नाम लिखिए।

**वन, वन्यजीव, राष्ट्रीय उद्यान**

बेंगलूरु विभाग के शिवमोग्गा में घने वन हैं। बेंगलूरु नगर जिले में वन प्रदेशों का विस्तार कम है। इस विभाग के जिलों में सदाबहार वनों से लेकर पर्णपाती वनों तक विविध प्रकार के वन हैं। सह्याद्रि पर्वत श्रेणी शिवमोग्गा जिले के सीमा भाग से होकर गुजरती है। बाँस, बरगद, इमली, चंदन, दिंडिग, सागौन, बबूल, आम, नीम आदि के पेड यहाँ के वनों में पाए जाते हैं। वनों से प्राप्त कुछ चीजें कई लोगों के जीवनोपाय का आधार भी है। इस विभाग का अत्यंत ऊँचा पहाड चित्रदुर्गा जिले में स्थित हालुरामेश्वर का पहाड (टीला) है। अन्य प्रसिद्ध पहाडों में कवलेदुर्गा, चंद्रगुत्ती, कोडचाद्रि, नंदीदुर्गा आदि हैं ।

इस विभाग में विविध वन्यजीव हैं। जंगलीबिल्ली, बाघ, चीता, जंगली भैंसा, जंगली सूअर, हिरन, भालू, सियार आदि यहाँ पाए जाते हैं। वन सुरक्षा के लिए तथा वन्य जीव पोषण के लिए अनेक वन्यधाम, वन्यजीवधाम, राष्ट्रीय उद्यानवन स्थापित किए गए हैं। बेंगलूरु विभाग के प्रमुख धाम ये हैं - जोगीमट्टी वन्यधाम - चित्रदुर्गा, बन्नेरुघट्टा राष्ट्रीय उद्यानवन - बेंगलूरु, भद्रा वन्यजीवधाम - शिवमोग्गा, शरावती वन्यजीव धाम - शिवमोग्गा, शेट्टिहल्ली वन्यजीव धाम - शिवमोग्गा, गुडवी-पक्षीधाम - शिवमोग्गाजिला, मंडगद्दे पक्षीधाम- शिवमोग्गा जिला, कग्गलडु पक्षीधाम - तुमकूरु जिला, रामदेवबेट्टा, बाज (गिद्ध) पक्षी धाम - रामनगर, जयमंगली कृष्ण मृग वन्य जीवधाम - तुमकूरु ।

बच्चों, क्या आप वन्य जीव बाघ, भालू, चीता, हाथी, हिरन अदि को वन्य प्रदेश में देखना चाहेंगे? ऐसा है तो अपने विभाग के वन्य जीव धामो, पक्षी धामों का दौरा करें । वनों में रहने वाले जानवरों को देख कर प्रसन्न हों।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



बन्नेरुघट्टा वन्य जीव धाम

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. बन्नेरुघट्टा राष्ट्रीय उद्यान वन किस जिले में है?
2. बेंगलूरु विभाग के अत्यंत ऊँचे पहाड का नाम लिखिए।
3. बेंगलूरु विभाग के दो पक्षीधामों का नाम लिखिए।
4. रामनगर जिले के पक्षी धाम में किन पक्षियों को संरक्षण दिया जा रहा है?

**कृषि तथा उद्योगों का विकास**

कृषि बेंगलूरु विभाग के लोगों का प्रमुख कार्य है। इस जिले में अधिकतर सूखी भूमि का व्यवसाय है। यहाँ वर्षा अवलम्बित व्यवसाय किया जाता है। शिवमोग्गा जिले में सिंचाई व्यवस्था है। इस विभाग में बालू मिश्रित लालमिट्टी अधिक है। काली मिट्टी कुछ भागों में मिलती है। इस विभाग की प्रमुख फसलें रागी, मक्का, धान, मूँगफली, दाल आदि हैं। प्रमुख वाणिज्यिक फसलें नारियल, सुपारी, कपास, गन्ना आदि हैं। रेशम उद्योग के लिए शहतूत बेंगलूरु जिले, रामनगर जिले में उगाया जाता है। सपोटा, पपीता, कटहल, संतरा, केला आदि फल भी उगाए जाते हैं।

इस विभाग में दैनिक जीवन में अधिकतर रागी, तथा चावल का उपयोग किया जाता है। रागी और चावल की रोटी खायी जाती है। आजकल गेहूँ की रोटी का उपयोग भी होने लगा है। त्योहारों में खीर, मीठी रोटी (होलिगे), मीठी खिचडी, सेवईं आदि मीठे पदार्थ खाए जाते हैं।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रत्येक जिले तथा तालूक में कृषि उपज का बाजार सरकार ने स्थापित किया है। यहाँ किसान अपनी सामग्रियों को बेच सकते हैं। सरकार ने जिले तथा तालुक केंद्रों में गोदाम बनाए हैं। यहाँ किसान अपने उत्पाद को गिरवी रख सकते हैं।

**उद्योग**



सर.एम.विश्वेश्वरय्या

हमारे राज्य के उद्योग धन्धों के क्षेत्र का निर्माता सर एम.विश्वेशवरय्या को माना जाता है। इन्होंने नाल्मडी कृष्णराज वडेयर की योजनाओं को कार्यान्वित किया । उद्योगधन्धों की स्थापना के बिना अभिवृद्धि पाना असम्भव है। बेंगलूरु, भद्रावती, तुमकुरु, शिवमोग्गा, आदि स्थानों में बडे-बडे कारखाने निर्मित किए गए हैं। बेंगलूरु राष्ट्र का प्रमुख औद्योगिक केंद्र है। शिवमेग्गा जिले के भद्रावती में लौह - इस्पात कारखाना है। इसे सन् 1923 में स्थापित किया गया था। इसे आज विश्वेश्वरय्या लौह-इस्पात लिमिटेड के नाम से जाना जाता है। यहाँ कागज का कारखाना भी है। इसे सन् 1936 में स्थापित किया गया था। राज्य का प्रथम सीमेंट कारखाना भद्रावती में स्थापित किया गया था। तुमकूरु जिले के अम्मसंद्रा में बिरला कंपनी का सीमेंट कारखाना है। बेंगलूरु सूचना एवं तकनीकी उद्योग तथा जैविक तकनीकी उद्योग के लिए प्रसिद्ध है। दस्तकारी (हथकरघा) उद्योगों का आधार स्रोत है।

वस्त्र निर्यात उद्योग में कर्नाटक देश में दूसरा स्थान रखता है। हमारे विभाग के दोड्डबल्लापुर, आनेकल आदि नगरों में सरकार ने तैयार वस्त्र के उद्यान (पार्क) स्थापित किए हैं। बेंगलूरु में विमान कारखाना, इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना एवं तकनीकी, जैविक, तकनीकी उद्योग कार्य रत हैं। कुछ उद्योग सार्वजनिक क्षेत्रों में तथा कुछ निजी क्षेत्रों में हैं।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. बेंगलूरु विभाग की प्रमुख खाद्य फसलें कौन सी है?
2. शहतूत के पत्ते किस उद्योग के लिए कच्चा पदार्थ है?
3. भद्रावती में लौह-इस्पात कारखाने को किस वर्ष आरंभ किया गया?

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

4. बेंगलूरु विभाग में किस स्थान पर तैयार वस्त्र उद्यान (पार्क) स्थापित किया गया है?

**कला, साहित्य, जनपद, नाटक, नृत्य**

बेंगलूरु विभाग के तीन साहित्यकारों को देश के अति उन्नत पुरस्कार ज्ञानपीठ प्राप्त हुआ है। ये हैं - राष्ट्रकवि कुवेंपू (के.वी. पुट्टप्पा), मास्ती वेंकटेश अय्यंगार तथा डॉ.यू.आर. अनंतमूर्ति। इससे बेंगलूरु विभाग के साहित्य से संबंधित उपलब्धियों के महत्व को समझा जा सकता है। प्राचीन काल से ही यह विभाग कला, साहित्य के लिए प्रसिद्ध है। 12 हवीं शताब्दी के वचन साहित्य को अपार योगदान देने वाली अक्कमहादेवी तथा अल्लमप्रभु शिवमोग्गा जिले के बल्लिगावे स्थान से संबंधित हैं। इसी प्रकार दास परंपरा से संबंधित श्रीपादराय, पुरंदर दास, आदी बेंगलूरु विभाग के हैं।

आधुनिक काल में कुवेंपु, डी.वी.गुंडप्पा, मास्ती वेंकटेश अय्यंगार, पी.लंकेश, टी.पी.कैलासम्, एम. के. इंदिरा, तरासु, डा. अनुपमा निरंजन, के.वी सुब्बण्णा, यू. आर. अनंतमूर्ति, बरगूरु रामचंद्रप्पा, शतायुषी वेंकटसुब्बय्या, जी.एस.एस, दालित कवि डॉ. सिद्धलिंगय्या, डॉ.डी.आर नागराज, कि.रं.नागराज, कोटगनहल्ली रामय्या, के.बी.सिद्धय्या, प्रतिभा नंदकुमार आदि कन्नड साहित्य को समृद्ध करने वाले साहित्यकार हैं।

Not to be republished ©KTBS


मास्ती व्यंकटेश अय्यंगार


कुवेंपु


यु.आर.अनंतमूर्ति


जी.एस.शिवरुद्रप्पा


निसार अहमद


पी. लंकेश


डी.वी. गुंडप्पा


अनुपमा निरंजन


एम.के. इंदिरा


ना. डीसोजा



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

साहित्य के समान नाटक के क्षेत्र में भी विभाग की उपलाब्धियाँ महत्वपूर्ण हैं। गुब्बी वीरण्णाजी का नाम कन्नड नाटक के इतिहास में अमर है। नाटकरत्न नाटक सार्वभौम जैसी उपाधियों से इन्हें विभूषित किया गया है। इनके द्वारा स्थापित गुब्बी नाटक कंपनी स्वर्ण (100 वर्ष) जयंती मना चुकी है। कन्नड रंगभूमी के इतिहास में ध्यान देनेयोग्य एक और नाम है - सुब्बय्या नायडू । ये कन्नड का प्रथम वाक्चित्र सती सुलोचना के प्रमुख अभिनेता रहे। नृत्यलोक को अपना योगदान देने वाली श्रीमती माया राव बेंगलूरु की हैं। प्रसिद्ध नर्तकी हैं। आपने नृत्य शिक्षा के लिए नाट्य सरस्वती नामक विद्यालय खोलकर अनेक कलाकारों को नृत्य सिखाया है।

बेंगलूरु आज चलचित्र उद्योग का प्रमुख केंद्र है। चलचित्र की प्रमुख शक्ति के रुप में डॉ. राजकुमार सहित अनेकों की योगदान से चलचित्र उद्योग का विकास हुआ है।


डॉ. राजकुमार


डॉ.विष्णुवर्धन


शंकरनाग


मायाराव


सुब्बय्या नायडु


गुब्बी वीरण्णा


लोकनृत्य

जनपद साहित्य तथा कला के लिए यह विभाग प्रसिद्ध है। प्रसिद्ध जनपद तज्ञ साहित्यकार एच.एल. नागेगौडा द्वारा स्थापित 'जनपद लोक' रामनगर जिले में है। यह एक अद्भुत जनपद वस्तु संग्रहालय है। यहाँ हमारे राज्य से जुडे विविध जनपद

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कला, साहित्य, नाटक से संबंधित कलाकृतियों का प्रदर्शन किया गया है।

**बेंगलूरु विभाग के प्रसिद्ध जनपद कला विभाग का विवरण इस प्रकार है**

बेंगलूरु में प्रतिवर्ष होने वाले 'करग उत्सव' जनपद का एक प्रकार है। दक्षिण कर्नाटक का प्रसिद्ध 'सोम नाच' एक अन्य जनपद प्रदर्शन कला है। इस विभाग का विशेष जनपद नाटक मूडलपाय 'यक्षगान' है। गारुडी नर्तन, ढोल नृत्य, कंसाले नर्तन आदि जनपद कला हैं। चित्रकला को आर. एस. नायडू, रुमाले चन्नबसवय्य, वेंकटप्प आदी की देन अपार है।



करग उत्सव



वेंकटप्पा आर्ट गॅलरी

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त बेंगलूरु विभाग से जुडे तीन साहित्यकारों के नाम लिखिए।
2. प्रसिद्ध जनपद संग्रहालय जनपद लोक का संस्थापक कौन है?
3. बेंगलूरु नगर में प्रति वर्ष होने वाला प्रसिद्ध उत्सव कौन सा है?

**शिक्षा और स्वास्थ्य**

बेंगलूरु विभाग ने शिक्षा के क्षेत्र में उन्नत प्रयास किया है। भारत रत्न की उपाधि प्राप्त दो महान विभूति इसी विभाग से हैं। जो कोलार जिले से हैं । इनमें एक सर.एम. विश्वेश्वरय्या तथा दूसरे वैज्ञानिक सी.एन.आर. राव हैं। नोबेल पुरस्कार से सम्मानित सर.सी.वी.रामन ने बेंगलूरु में ही अनुसंधान किया था।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



श्री बालगंगाधरनाथ स्वामीजी

बेंगलूरु प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र है। बेंगलूरु विभाग में अनेक प्रसिद्ध सार्वजनिक तथा निजी विश्वविद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त यहाँ केंद्र सरकार की शोध संस्थाएँ तथा वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ हैं। बेंगलूरु, तुमकूरु, शिवमोग्गा, दावणगेरे में विश्वविद्यालय हैं। बेंगलूरु में कृषि विश्वविद्यालय है। स्वतंत्रता के पूर्व से ही सरकार प्राथमिक शिक्षा को प्रोत्साहन देती आ रही है। अनेक धार्मिक संस्थाएँ शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत हैं। सिद्धगंगा मठ श्री शिवकुमारस्वामी के नेतृत्व में हजारों निर्धन विद्यार्थियों के लिए विद्या तथा अक्षर दासोह (भोजन सुविधा) कार्य में संलग्न है। इसी प्रकार रामनगर जिलें में जन्मा बालगंगाधर स्वामीजी के आदि चुंचनगिरि मठ अनेक विद्यालय, महाविद्यालय तथा तांत्रिक शिक्षा केंद्र चला रहा है । इस विभाग के सभी जिलों में भी अभियांत्रिकी महाविद्यालय तथा कुछ जिलों में चिकित्सा (मेडिकल) महाविद्यालय कार्यरत हैं।

©KTBS Not to be republished



श्री शिवकुमार स्वामीजी



सिद्धगंगा मठ

स्वास्थ्य संबंधी कई महान उपलब्धियाँ इस विभाग में हुयी हैं। संक्रामक रोगों पर रोक पायी गई है। शिशु मृत्युदर कम हुयी है। पेलियो, चेचक आदि रोगों को सम्पूर्ण रुप से मिटा दिया है। शिवमोग्गा जिले के वन प्रदेश में व्यापक रुप से फैले



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

बंदरों के रोग पर नियंत्रण पा लिया है। फिर भी ग्रामीण प्रदेशों में महिलाएँ और बच्चे अपौष्टिकता का सामना कर रहे हैं। ग्रामीण प्रदेशों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा स्वास्थ्य उपकेंद्र लोगों को चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं । प्रत्येक जिला केंद्रों में व्यवस्थित अस्पताल हैं। बडे-बडे ग्रामों में सामुदायिक चिकित्सा केंद्र हैं। तालुक अस्पताल तालुक केंद्रों में हैं। संतानोत्पत्ति स्वास्थ्य को उत्तम बनाने के लिए सरकार ने अनेक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को 24/7 स्वास्थ्य केंद्र घोषित किया है। ग्रामीण प्रदेशों में गर्भवती स्त्रियों के लिए सेवा उपलब्ध कराने के लिए संचारी वाहन व्यवस्था की गई है।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. शिवमोग्गा जिले के वन प्रदेश के रोग का नाम क्या है?
2. भारतरत्न उपाधि प्राप्त बेंगलूरु विभाग के दो व्यक्तियों के नाम लिखिए।
3. ग्रामीण प्रदेशों में सरकार द्वारा स्थापित अस्पताल केंद्र क्या कहलाते हैं?

**सांस्कृतिक सम्पदा**

बेंगलूरु विभाग सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध है। यहाँ वन स्म्पदा है, जीव सम्पदा है, नदियों, घाटियों, गिरिधामों, धार्मिक स्थलों, पर्यटन केंद्रों सांस्कृतिक उत्सव, मेले, त्योहार आदि संदर्भो से युक्त यह समृद्ध विभाग है। राजनैतिक मुनीमों ने राज्य निर्माण में काफी योगदान दिया है। कर्नाटक के एकीकरण का नेतृत्व करने वाले केंगल् हंनुमंतय्या इसी विभाग के हैं। जब वे मुख्य मंत्री रहे, हमारे विधानसभा भवन का निर्माण हुआ। एक और एकीकरण के संघर्ष कर्ता एस. निजलिंगप्पा के मुख्य मंत्री काल में अनेक राज्यों के निर्माण कार्य हुए। हमारे राज्य में समाजवादी आन्दोलन की नींव डालने वाले शांतवेरी गोपाल गौडा शिवमोग्गा जिले से हैं। पर्यावरण संरक्षण पोषण का एक और नाम वृक्षप्रेमी तिम्मक्का, हमारे देश के क्रिकेट में योगदान देने वाले खिलाडी अनिल कुंबले, योग क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियाँ हासिल करने वाले बी.के.एस. अय्यंगार तथा मल्लाडिहल्ली श्री राघवेंद्र स्वामीजी इसी विभाग से हैं। इस विभाग में अनेक पर्यटन स्थल भी हैं।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



लाल बाग

### स्वतंत्रता सेनानी



केंगल हनुमंतय्या



एस. निजलिंगप्पा

भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में इस विभाग के कई मुनीमों ने भाग लिया है। विशाल मैसूरु के प्रथम मुख्यमंत्री के.सी.रेड्डी, दूसरे मुख्यमंत्री केंगल हनुमंतय्या, एक अन्य मुख्य मंत्री एस. निजलिंगप्पा, समाजवादी नेता शांतवेरी गोपाल गौडा, कडिदाल मंजप्पा, ति. ता. शर्मा आदि ने स्वतंत्रता के संघर्ष में भाग लिया था । केंगल हनुमंतय्या तथा एस. निजलिंगप्पा कर्नाटक के एकीकरण के अग्रणी रहे हैं। इस बारे में आप अधिक विवरण अगले अध्याय (10) में प्राप्त करेंगे ।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. हमारे राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री का नाम लिखिए ।
2. कर्नाटक एकीकरण के दो अग्रणियों के नाम लिखिए ।

### इस विभाग के जिलों की विशेषताएँ

पूर्व ही हम जान चुके हैं कि इस विभाग में 9 जिले हैं। प्रत्येक जिला अपनी अलग विशेषता रखता है। इन विभागों में दावणगेरे (1997), रामनगर (2007), तथा चिक्कबल्लापुर (2007) नवीन निर्मित जिले हैं।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**बेंगलूरु नगर जिले**

बेंगलूरु नगर कर्नाटक की राजधानी है। सरकार का प्रशासन केंद्र विधान सभा यहाँ है। राज्य का उच्चन्यायलय यहाँ है। अंग्रेजों के शासन काल में स्थापित लालबाग, कब्बनउद्यान, बेंगलूरु में है। इस नगर से 50 कि.मी. दूर पर नंदी पहाड गर्मियों का विहारधाम है। एच.एम.टी, बी.ई. एल आदि बृहत् सार्वजनिक क्षेत्रों के उद्योग हैं। इनफोसीस, बयोकॉन आदि निजी उद्योग (संस्थाएँ) हैं। इस जिले में चार तालुक हैं। बेंगलूरु उत्तर, बेंगलूरु दक्षिण, बेंगलूरु पूर्व तथा आनेकल । इन नगरों के प्रशासनिक निर्वाह के लिए बृहत बेंगलूरु महानगर पालिका है। इस नगर में अनेक पर्यटन स्थल हैं। बन्नेरुघट्टा राष्ट्रीय उद्यानवन बच्चों के देखने लायक स्थल है। यहाँ हम सफारी जा सकते हैं। स्वतंत्र मुक्त विहार करते वन्यजीवों को देख सकते हैं। इसमें साँपों का उद्यान वन भी है।

**प्रसिद्ध मंदिर** हलसूरु का सोमेश्वर मंदिर नाडप्रभु केंपेगौडा के काल का गविगंगाधरेश्वर मंदिर, दोड्डबसवण्णा का मंदिर, धर्मराय स्वामी मंदिर आदि प्रमुख हैं। इस नगर में कई सौ वर्ष पुराने चर्च हैं। इनमें प्रसिद्ध हैं - सेंट एंड्रूज चर्च, सेंट जोसेफ चर्च । इसी प्रकार मुसलमानों के प्रसिद्ध मस्जिद हैं। इनमें संगीन जामिया मस्जिद, जुम्मा मस्जिद, जामिया मस्जिद तथा हाल ही में निर्मित मस्जिद सन् 1981 का खाद्रिया मास्जिद तथा बन्नेरुघट्टा रास्ते पर सन् 2015 में निर्मित बिलाल मस्जिद प्रमुख हैं।


टिपू राज महल

**बेंगलूरु के प्रसिद्ध चर्च हैं** सेंट मेरीस बासिकल, सेंट मार्क केथेड्रल, इन्फेंट जीसस चर्च, सेंट फ्रांसिस जेवियर केथेड्रल आदि।


विधान सौध


सेंट मेरी चर्च


जामिया मस्जिद



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**बेंगलूरु का ग्रामीण जिला:** यह जिला सन् 1986 में आस्तित्व में आए। इस जिले में चार तालुक हैं। ये हैं - नेलमंगला, दोड्डबल्लापुर, देवनहल्ली तथा होसकोटे। नेलमंगला तालुक का शिवगंगे प्रसिद्ध यात्रा क्षेत्र है । देवनहल्ली में केंपेगौडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा है।

**रामनगर जिला**

यह जिला 23 अगस्त सन् 2007 में निर्मित हुआ । इस जिले में चार तालुक हैं, चन्नपट्टण, कनकपुर, रामनगर और मागडी । यह जिला राज्य के प्रमुख हथकरघा उद्योग केंद्र के रुप में विकसित हुआ है। बिडदी हथकरघा प्रदेश राज्य का प्रमुख केंद्र है। यहाँ हजारों छोटे तथा मध्यम उद्योग कार्यरत हैं। यह जिला दो प्रमुख उत्पाद के लिए प्रसिद्ध है। प्रथम है चन्नपट्टण के लकडी के खिलौने तथा दूसरा है रेशम उत्पादन ।





**चन्नपट्टन के खिलौने**

**चिक्कबल्लापुर जिला**

कोलार जिले को विभाजन करके 10 नवंबर सन् 2007 को चिक्कबल्लापुर जिला नवीन रुप से निर्मित किया गया । चिक्कबल्लापुर, गौरीबिदनूरु, बागेपल्ली, शिड्लघट्टा इस जिले के तालुक हैं। यहाँ का प्रसिद्ध विहार धाम नंदीदुर्गा है। यहाँ योगनंदीश्वर तथा भोगनंदीश्वर दो मंदिर भी हैं। चिंतामणी तालुक का 'कैवार' तातय्या नामक अनुभावी लोगों का केंद्र है। गौरीबिदनूरु तालुक में विधुराश्वथ नामक पवित्र वृक्ष है।


**कैवार तातय्या**


**कैवार देवालय**


**विधुराश्वथ (वीरसौध)**


**नंदीदुर्ग**

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

यहाँ सन् 1938 में अंग्रेजों के विरुद्ध ध्वज सत्याग्रह हुआ था। इसके स्मारक रुप मे यहाँ वीरसौध निर्मित किया गया। बागेपल्ली तालुक का निडुमामिडी मठ प्रसिद्ध है। इस जिले का शिड्लघट्टा तालुक व्यापार का केंद्र है। यह रेशम व्यापार के लिए प्रसिद्ध है।

**कोलार जिला**



अंतरगंगे



हैदर अलि दर्गा

कोलार का नाम लेते ही हमारे ध्यान में वहाँ की सोने की खान आती है। दुर्भाग्य की बात यह है कि 2003 में सोने की इस खान को बंद कर दिया गया। बंगारपेटे, कोलार, मालूरु, मुलबागल् तथा श्रीनिवासपुर यहाँ के तालुक हैं। इस जिले में लोगों का प्रमुख व्यवसाय खेती, दुग्ध उत्पादन, पुष्पकृषि तथा रेशम उत्पादन है। यह शष्क (सूखी) भूमि युक्त अकाल पीडित जिला है। इस जिले का चिक्कतिरुपति प्रसिद्ध यात्रा स्थान है। इस जिले में अनेक तालाब हैं। अंतरगंगा नामक स्थान महत्व का चारित्रिक स्थल है। हजरत बाबा, हैदराली दर्गा, श्रीपादराय का वृंदावन भी इस जिले में हैं।

**तुमकूरु जिला**



एकशिला पहाड मधुगिरी



देवराय दुर्ग

यह जिला सन् 1832 में अस्तित्व में आया। यह नारियल की उपज के लिए प्रसिद्ध है । यह हमारे राज्य का एक बडा जिला है। इस जिले के अंतर्गत 10

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

तालुक हैं। वे हैं - कोरटगेरे, तुमकूर, गुब्बी, चिक्कनायकनहल्ली, पावगढ़, कुणिगल, तुरुवेकेरे, तिपटूरु, मधुगिरि तथा सिरा । अनेक सेनापतियों द्वारा निर्मित कराए गए कई दुर्ग (किले) यहाँ हैं। मधुगिरि, मिडिगेशी, पावगढ़, निडुगल, देवरायनदुर्गा, हुलियूरुदुर्गा तथा सिरा में ऐसे दुर्ग हैं। ये जिला शिक्षण संस्थाओं के लिए नामचीन है। श्री शिवकुमार स्वामीजी के नेतृत्व सिद्धगंगा में हजारों गरीब विद्यार्थियों के लिए अन्न तथा अक्षर (भोजन और शिक्षा दान) दासोह चलता आ रहा है । प्रसिद्ध सिद्धार्थ शिक्षा संस्था भी इस दृष्टी से स्मरणीय है। पूरे देश में विशिष्ट घोडों की नस्ल का अभिवृद्धि केंद्र कुणिगल में है। आज यह राज्य के औद्योगिक केंद्र के रुप में विकासित हो रहा है। मधुगिरि में पूरे एशिया खण्ड का एकमात्र एकशिला पहाड है । देवरायनदुर्गा भी पुराणों में ख्याति प्राप्त कर चुका है। कुणिगल तालाब के बारे में प्रसिद्ध जनपदगीत ही है।

**चित्रदुर्गा जिला**



चित्रदुर्ग किला



मदकरी नायक

यह जिला अपने सातघेरों वाले अभेद्य दुर्ग के लिए ख्यात है। इस दुर्ग में जल का तालाब तथा मंदिर भी हैं। इस जिले के तालुक इस प्रकार हैं - चित्रदुर्गा, हिरियूरु, चल्लकेरे, होसदुर्गा, होललकेरे तथा मोलकालमूरु। यह जिला सेनापतियों के लिए प्रसिद्ध है। मदकरी नायक नामक सेनापति विशेष प्रसिद्ध है। ओबव्वा (वोनके ओबव्वा) अपने साहस के लिए प्रसिद्ध है। एस.निजलिंगप्पा, मल्लाडिहल्ली राघवेंद्रस्वामी, तलुकिन वेंकणय्या, तरासु, श्री शिवमूर्ति मुरुघा शरण, तरलबालु स्वामीजी, कबीरानंदाश्रम के शिवलिंगानंद स्वामी आदि जिले के प्रसिद्ध व्यक्ति हैं।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## दावणगेरे जिला

सन् 1997 में चित्रदुर्गा जिले को विभक्त कर दावणगेरे जिले की रचना हुई। नवीन निर्मित जिले में बल्लारी जिले के हरपनहल्ली तथा शिवमोग्गा जिले के कुछ भागों को जोडा गया। यह जिला 6 तालुक वाला है। ये हैं - हरिहर, हरपनहल्ली, चन्नगिरि, होन्नाली, जगलूरु, तथा दावणगेरे। दावणगेरे नगर कर्नाटक का मांचेस्टर कहलाता था। सन् 1960 में वस्त्र उत्पादन के लिए प्रसिद्ध था। किंतु कच्चे माल - कपास की कमी के कारण वस्त्र कारखाने अब बंद पडे हैं।

आज जिले में अनेक चीनी के कारखाने कार्यरत हैं। कई खाद्य संस्करण इकाइयाँ भी कार्य कर रही हैं। यह कर्नाटक के प्रसिद्ध शिक्षा केंद्र के रुप में भी जाना जाता है। प्रसिद्ध बापूजी शिक्षा संस्था यहाँ है।



**शांती सागर तालाब**

सारे दक्षिण भारत में अत्यंत बडा तालाब शांति सागर चन्नगिरि में है। इसका व्यास लगभग 64 किलोमीटर है। हरिहर नगर में होयसल काल का हरिहरेश्वर मंदिर है।

## शिवमोग्गा जिला

यह कर्नाटक का एक प्रसिद्ध जिला है। यह अपने प्राकृतिक सौन्दर्य के लिए प्रासिद्ध है। इस जिले में छः तालुक हैं - तीर्थहल्ली, सागर, सोरबा, भद्रावती, शिवमोग्गा, शिकारीपुर तथा होसनगर। इसे कर्नाटक का धान की गोदी कहा जाता है। तुंगभद्रा, शरावती, वरदा और कुमुद्वती नदियाँ इस जिले में बहती हैं। इस जिले के शंकरघट्टा में कुवेंपू विश्वविद्यालय है। तीर्थहल्ली तालुक में कुवेंपु के घर होने का प्रमाण है । यह एक पर्यटन केंद्र के रुप में विकासित हो रहा है। भद्रावती

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

औद्योगिक नगर के रुप में विकासित हो रहा है। राज्य के लिए आति आवश्व बिजली को शरावती जल विद्युत तथा वराही जल विद्युत केंद्रो द्वारा प्राप्त किया जा रहा है। शिवमोग्गा नगर को केलदी राजाओं ने स्थापित किया, ऐसा माना जाता है। केलदी में एक प्राचीन वस्तु संग्रहालय है। शिव के मुख के समान होने के कारण इस शहर का नाम शिवमोग्गा पडा ऐसा माना जाता है। एशिया खण्ड में अत्यंत लम्बा शरावती जलप्रपात गेरसोप्पा में है। सोरबा तालुक के गडवी स्थान में प्रसिद्ध पक्षी धाम है।

भद्रा वन्य जीव धाम प्रासिद्ध पर्यटन स्थान है। तीर्थहल्ली तालुक का आगुंबे अत्यधिक वर्षावाला क्षेत्र है। बेलगावी का त्रिपुरांतकेश्वर तथा केदारेश्वर मंदिर बहुत प्रसिद्ध है। केलदी का राजा शिवप्पा नायक ने केलदी में सुन्दर राजमहल बनवाया था। ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत दो साहित्यकार राष्ट्रकवि कुवेंपु तथा डॉ.यू.आर. अनंतकूर्ति शिवमोग्गा जिले के तीर्थहल्ली तालुक से हैं। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित गायक शिवमोग्गा सुब्बन्ना इसी जिले का है।



**जोग जलपात**



**कुवेंपुं का घर कुप्पल्ली**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. बेंगलूरु विभाग में कितने जिले हैं?
2. दक्षिण भारत का अत्यंत बडा तालाब शांति सागर किस जिले में है?
3. राष्ट्रकवि कुवेंपु के नाम पर विश्वविद्यालय राज्य के किस जिले में है?

**क्रिया कलाप।**

1. बन्नेरुघट्टा राष्ट्रीय उद्यान का दौरा कीजिए और वहाँ स्थित जानवरों (प्राणियों) की सूची तैयार कीजिए। उनके चित्र संग्रह कीजिए। इसकी एक रपट भी तैयार कीजिए।
2. बेंगलूरु नगर में स्थित प्रमुख कारखानों की सूची बनाइए । इनके चित्र संग्रह कर एक रपट तैयार कीजिए ।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## मैसूरु विभाग

हमारे राज्य का एक और प्रशासन विभाग मैसूरु है। मैसूरु प्रारंभ में वडेयर राज्य की राजधानी थी। इस विभाग में 8 जिले हैं । ये हैं- मैसूरु, मंड्या, हासन, चिक्कमगलूरु, उडुपि, दक्षिण कन्नडा, चामराजनगर और कोडगु (कूर्ग)। इस विभाग का प्रशासन केंद्र मैसूरु है। कर्नाटक के अनेक समृद्ध जिले मैसूरु विभाग में है। ये विभाग नदियों, पर्वत श्रेणियों, वन, वन्य जीव, कॉफी (कहवा) के बागान, तटीय क्षेत्र, बन्दरगाह आदि के लिए प्रख्यात है। आज मैसूरु नगर विभागीय प्रशासन का केंद्र है।




**मैसूरु विभाग का जिलानुसार मानाचित्र**

©KTBS Not to be republished

## ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि

मैसूरु अनेक शताब्दियों तक वोडेयर वंश के शासन मे था । कुछ वर्षों तक यह हैदर अली तथा उसके पुत्र टीपू सुल्तान के शासनाधीन रहा। ऐतिहासिक तथा पौराणिक रुप से मैसूरु महिषनाडु कहलाता था । पौराणिक कथानुसार देवी पार्वती ने चामुंडेश्वरी का रुप धारण कर महिषासुर का वध किया। महिषासुर के वध का स्थान ही मैसूरु हुआ । यदुराय ही वोडेयर वंश के प्रथम शासक थे। चिक्कदेवराय वोडेयर प्रसिद्ध शासक रहे। इनके पश्चात् सिंहासनासीन शासक दुर्बल रहे। उस समय हैदरअली सेनापति था। उसने शासन को अपने कब्जे में कर लिया। वह तथा उसके पुत्र टीपू सुल्तान ने सन् 1761 से सन् 1799 तक प्रशासन सँभाला। टीपु ने अंग्रेजों के विरुद्ध कई युद्ध किए। इसने फ्रेंच लोगों की सहायता से संधान कर अंग्रेजों को देश से भगाने का प्रयास किया । टीपु सुल्तान ने अनेक जनहित कार्य किए।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**टिपु सुल्तान**


टिपु सुलतान

टीपु सुल्तान ने अंग्रेजों के विरुद्ध युद्ध करते हुए सन् 1799 में प्राण त्याग दिए। तत्पश्चात् अंग्रेजों ने प्रशासन पुनः वोडेयर के हवाले किया। प्रशासन की दुर्बलता को देख अंग्रेजों ने सन् 1831 में उसे अपने वश में कर लिया। किन्तु सन् 1881 में पुनः वोडेयर ने प्रशासन अपने हाथ में लिया । पिछले बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में नाल्मडी कृष्णराज वोडेयर ने प्रशासन में अनेक जनहित कार्य किए। जैसे विशेष रुप से शिक्षा, संस्कृति, सिंचाई को प्रधानता दी।

सर.एम.विश्वेश्वरय्या तथा सर.मिर्जा इस्माइल की दीवानी (मुनीम)में मैसूरु को काफी ख्याति प्राप्त हुई। देश को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद सन् 1947 में मैसूरु संस्थान भारत गणराज्य में विलीन हो गया।


नाल्वडी कृष्णराज वोडेयर


सर. मिर्जा इस्माइल

इस विभाग के भिन्न -भिन्न जिलों में विविध राजवंशों के शासन का इतिहास मिलता है। कोडगु प्रदेश पर अनेक राजवंशों का शासन रहा। हालेरी राजवंश ने 17 वीं शताब्दी में अपना शासन स्थापित किया। बिदनूर उसकी राजधानी थी । हालेरी राजवंशों में दोड्डुवीरप्पा प्रसिद्ध शासक था। चिक्कवीरराजा अंतिम शासक था। यह दुर्बल शासक था। इसका लाभ उठाकर अंग्रेजों ने प्रशासन अपने हाथ में ले लिया। स्वतंत्रता के पश्चात् कोडगु अलग राज्य बना। किंतु सन् 1956 में यह कर्नाटक में विलीन हो गया। केलदी संस्थान एक अन्य राजवंश था (इसका विवरण हम अध्याय 4 में प्राप्त करेंगे)

कर्नाटक के तटीय प्रदेशों को तुल्नाडु कहा जाता है। दक्षिण कन्नडा और उडुपि जिले सहित तुलुनाडु पर 7 वीं शताब्दी से 14 वी शताब्दी तक अलुप राजवंश का



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रशासन रहा। भिन्न-भिन्न कालों में उद्यावर, मंगलपुर, हुँचा तथा बनवासी अलुप राजाओं की राजधानी रही। तुलुनाडु में अनेक सेनापतियों ने शासन चलाया। इनमें प्रसिद्ध पुत्तिगे का चौट, बंगवाडी का बंग कारकल का भैरवराजा, कासरगोडू का कुंबले राजा आदि हैं।

तटीय प्रदेशों को अंग्रेजों ने केनरा कहा। इन प्रदेशों को उन्होंने सन् 1801 में अपने वश में कर लिया। अंग्रेजो ने तटीय प्रदेश को सन् 1860 में उत्तर कन्नड तथा दक्षिण कन्नड के रुप में दो भागों में बाँट दिया। दक्षिण कन्नड जिले में विभाजन के बाद सन् 1997 में उडुपि जिले की रचना हुयी।

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. मैसूरु विभाग में कितने जिले हैं?
2. मैसूरु नामकरण का कारण बताइए।
3. मैसूरु संस्थान के विकास में 20वीं शताब्दी के प्रारंभ में योगदान देने वाले वडेयरों के नाम लिखिए।
4. तटीय प्रदेशों को अंग्रजों ने पहले क्या नाम दिया था?

**II. रिक्त स्थानों की पूर्ति किजिए।**

1. दक्षिण कन्नड को विभक्त कर ............................ वर्ष में उडुपि जिले की रचना की गई।
2. मैसूरु विभाग के ........................ तथा .................... तटीय जिले हैं।

**प्राकृतिक संसाधन**

यह विभाग विविध प्रकार की जलवायुवाले प्रदेशों से युक्त है। इस विभाग का उडुपि तथा दक्षिण कन्नडा जिला विस्तृत तटीय प्रदेशों से युक्त हैं। पर्वत श्रेणी, घने जंगल तथा तटीय प्रदेश सभी के यहाँ होने के कारण यहाँ की जलवायु को उष्ण कटिबंधीय मानसूनी वातावरण वाला कहा जाता है। इस विभाग की जलवायु में तीव्र सर्दी तथा समान रुप से गर्मी पडती है। मंड्या और मैसूरु जिले शुष्क जलवायु वाले प्रदेश हैं। उडुपि अत्यधिक वर्षा प्राप्त करनेवाला प्रदेश है तो मंड्या अत्यंत कम वर्षा पाने वाला प्रदेश है। विविध जलवायु, विविध मात्रा में वर्षा, पर्वत, वन प्रदेश आदि विभिन्नताओं के कारण यहाँ भिन्नभिन्न प्रकार की फसलें उगायी जाती हैं। यहाँ उत्पन्न प्रमुख फसलों में रागी, धान, उडद, मूँग, कुल्थी, ज्वार आदि आते हैं। यहाँ

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

की वाणिज्यिक फसलें कॉफी, गन्ना, तंबाकू, सुपारी, इलायची, संतरे, अनानस, काजू आदी हैं। चिक्कमगलूरु में ही उगायी गयी। इस विभाग के कई प्रदेशों में पान के पत्ते उगाए जाते हैं।

प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टि से यह समृद्ध विभाग है। कोडुगु, दक्षिण कन्नड, मैसूरु, चिक्कमगलूरु, आदि जिलों मे विविध प्रकार के वन क्षेत्र हैं। सागौन, चंदन, करंजा, नंदी, साली, आदि यहाँ उगने वाले पेड हैं। ये जंगल अनेक प्रकार के उत्पाद के लिए प्रख्यात हैं। गोंद, शहद तथा मोम, जंगली फल आदि छोटे वन उत्पाद हैं।

इस विभाग में अनेक छोटे तथा बडे पर्वत हैं। इनमें प्रमुख सुब्रह्मण्य पहाड, गोपालस्वामी पहाड, मलैमहादेश्वर पहाड, बिलिगिरिरंग पहाड, मुल्लय्यनगिरि पहाड, केम्मण्णुगुंडी, चामुण्डी पहाड, श्रवणबेलगोल का चंद्रगिरि, इंद्रगिरि(विंध्यगिरि) पहाड आदि आते है।

घने जंगलों के लिए प्रसिद्ध मैसूरु विभाग का जीव वैविध्यता के लिए भी प्रसिद्ध है। बाघ, चीता जंगली कुत्ता, हिरन, लोमडी, जंगली भैंसा, विविध प्रकार के सांप आदि वन्य जीव यहाँ के जंगलों में वास करते हैं। मंड्या जिले का बन्नूरु स्थान उत्तम देशी भेड़ों के लिए प्रसिद्ध है।

इस विभाग की प्रसिद्ध नदियाँ ये हैं - हेमावती, हारंगी, नेत्रावती, कुमारधारा, वेदावती, कपिला, यगची, गंगोल्ली आदि। यहाँ अनेक प्रसिद्ध जलप्रपात हैं। ये हैं - गगनचुक्की, भरचुक्की, अब्बे जलपात, इर्पु जलपात, हेब्बे जलप्रपात आदि।




**गगनचुक्की, भरचुक्की जलप्रपात**

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

मैसूरु विभाग के जिलों में प्राप्त प्रमुख खनिज बाक्साइट, फेलिसाइट, क्रोमाइट, चूनापत्थर, चिकनी मिट्टी, मैंगनीज आदि हैं। हमारे देश में फेलिसाइट खनिज सिर्फ मैसूरु जिले में ही मिलता है। इस विभाग के दक्षिण कन्नड तथा उडुपि जिले तटीय जिले हैं। यहाँ बन्दरगाह हैं। ये जिले सागर से मत्स्य पालन (मछली पकडने) के लिए प्रख्यात हैं। यहाँ से संस्कृरित मछलियों को निर्यात किया जाता है। हजारों मछुवारों के लिए यह आय का साधन है। कोडुगु, चिक्कमगलूरु, मैसूरु जिले लकडी के लट्ठों को बेचने का केंद्र हैं।



तटीय प्रदेश मत्स्थ उद्योग

**निम्नालिखित प्रश्नों का उत्तर लिखिए।**

1. इस विभाग की दो प्रसिद्ध नदियों के नाम लिखिए।
2. इस विभाग के जिलों में अत्यधिक वर्षा वाला जिला कौन सा है? तथा अत्यंत कम वर्षा वाला जिला कौन सा है?
3. इस विभाग के जिले में प्राप्त दो खनिजों के नाम बताइए।
4. इस विभाग के समुद्र तटीय जिलों में लोगों का मुख्य व्यवसाय कौन सा है?

जंगली जानवर, राष्ट्रीय उद्यान (अभयारण्य)



आदिवासी समूह

वनों का प्रदेश है मैसूरु। मैसूरु, कोडुगु, चिक्कमगलूर, तटीयक्षेत्र, हासन आदि जिले विविधतापूर्ण घने जंगल प्रदेशों से भरा है। बंडीपुर, नागरहोले, मलैमहदेश्वर पहाड, पुस्पगीरि आदि प्रदेश जंगलों से परिपूर्ण है। यहाँ कई प्रकार के छोटे जंगल प्रदेश देखे जा सकते हैं।

© Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

लाखों आदिवासी लोगों के लिए छोटे जंगल के उत्पाद जीविकोपार्जन का खाद्य का आधार हैं। मैसूर विभाग के जिले अनेक आदिवासी सयुदायों के लिए आधार हैं। जेनुकुरुबा जाति अत्याधिक संख्या वाले आदिवासी समुदाय के लोग यहाँ रहते हैं। ये मैसूरु, चामराजनगर जिलों में वास करते हैं। दक्षिण कन्नडा और उडुपि जिलों में कोरगा आदिवासी समुदाय है। यह अत्यंत पिछडा समुदाय है। कोडगु जिले में पायी जाने वाली आदिवासी जाति के लोग मलेकुडि कहलाते हैं । ये दक्षिणकन्नड जिले में भी पाए जाते हैं। चामराजनगर जिले में वास करने वाले सोलिगा भी एक आदिवासी जाति है। उनके अतिरिक्त यरव, हक्कीपिक्की, हलस, मेदार आदि आदिवासी समुदाय भी है।



बाघ



हाथी



जंगली भैंस

©KTBS Not to be republished

बाघ हमारा राष्ट्रीय जानवर है । बाघ संरक्षण योजना भी राज्य में लागू है। राज्य के पाँच बाघ संरक्षण वन्यधामों में से तीन मैसूर विभाग में हैं। बंडीपुरा, नागरहोले, भद्रा बाघ संरक्षण के लिए आरक्षित प्रदेश हैं। इसी प्रकार हाथियों का संरक्षण योजना भी यहाँ अनुष्ठान में लायीगयी है। हाथियों के दाँत के लिए, बाघ के चमडे के लिए इन्हे अवैध (गैर-कानूनी) रुप से मार दिया जाता है। इस पर रोक लगा कर उनकी जाती को संरक्षित करने के उद्देश्य से बाघ संरक्षण योजना और हाथी संरक्षण योजना को जारी किया गया है। देश में अत्याधिक संख्या में बाघ कर्नाटक में पाए जाते हैं।

हमारे राज्य में अत्यधिक वन्य जीवधाम और पक्षी संरक्षण धाम, मैसूर विभाग में हैं। रंगनतिट्टु पक्षीधाम, गुडवीपक्षीधाम, कोक्करे बेल्लूरु प्रमुख पक्षीधाम हैं, तो मेलुकोटे वन्य जीव धाम, कावेरी वन्य जीव धाम आदी मैसूरु विभाग के प्रसिद्ध वन्य जीव धाम हैं। मैसूरु जिले का राजीवगांधी नागरहोले राष्ट्रीय उद्यान है तो चामराजनगर जिले में बंडीपुर राष्ट्रीय उद्यान है। खेडा नामक कार्यक्रम द्वारा जंगली हाथीयों को वहाँ नियंत्रित किया जाता है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



रंगनतिट्टु पक्षीधाम

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

1. मैसूर विभाग के दो प्रसिद्ध वन प्रदेशों के नाम लिखिए।
2. मैसूर जिले में स्थित दो आदिवासी समुदायों के नाम लिखिए।
3. दो पक्षीधामों तथा दो वन्य जीव धामों के नाम लिखिए।

**रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए**

1. हमारा राष्ट्रीय जानवर ....................।
2. जंगली हाथियों को नियंत्रित करने के तरीके को .................... कहा जाता है।

**कृषि उपज तथा हमारा उद्योग**

कृषि हमारे लोगों का जीवनाधार है। उसके लिए मैसूर विभाग के जिले अपवाद नहीं है। मैसूर जिला रेशम उत्पाद, कोडुगु, हासन रथा चिक्कमंगलूरु जिले काफी (कहवा) बागान के लिए, मंड्या जिला गन्ना उत्पादन, दक्षिण कन्नड जिला, उडुपि जिले काजू, कालीमिर्च, इलाइची, रबड, उत्पादन के लिए विख्यात हैं। देश में अत्यधिक कॉफी चिक्कमंगलूरु में उगाया जाता है। कृषि कार्य केवल खाद्य पदार्थों के उत्पाद के लिए ही सीमित नहीं है। इस विभाग के जिलों में कृषिफसलों के उत्पादन के साथ दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, भेड पालन तथा बागान संयुक्त कार्य हैं। इस विभाग में उगाए जाने वाली प्रमुख फसले धान, रागी, ज्वार, मूँग, अलसी, उडद आदी है। यहाँ उगायी जाने वाली वाणिज्यिक फसलें तंबाकू, कॉफी, काजू, सुपारी, आलू, गन्ना, कपास, संतरा, नारियल आदि हैं।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



दूध उत्पादन

इस विभाग में कृषि के लिए चार योजनाओं द्वारा सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है। ये हैं - कृष्णराजसागर, हारंगी, हेमावती तथा कबिनी सिंचाई योजनाएँ। इस विभाग में कृषि उत्पादन के लिए सहायक अनेक कृषि फार्म, कृषि विद्यालय स्थापित किए गए हैं।

इस विभाग में मैसूरु, मंगलूरू, हासन, चिक्कमंगलूरु, मंड्या, मडिकेरी आदि में हथकरघा ओद्योगिक केंद्र हैं। औषाधि कारखाने, कॉफी (कहवा) क्यूरिंग उद्योग खाद्य संरक्षण इकाई, उर्वरक(फर्टिलाइजर) कारखाने, पेट्रोलियम संस्करण कारखाने, केंपको चाँकलेट कारखाना, चीनी कारखाना, सीमेंट उद्योग आदि मैसूर विभाग के जिलों में स्थित उद्योग धन्धे हैं। इस विभाग में बडे प्रैमाने के उद्योग धन्धों की संख्या कम है। किन्तु हजारों छोटे तथा मध्यम स्तर के उद्योग यहाँ हैं।

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

1. मैसूर विभाग के दो राष्ट्रीय उद्यानों के नाम लिखिए।
2. मैसूर विभाग के चुनिंदा छः प्रमुख जिलों के नाम बताइए।
3. मैसूर विभाग में कृषि के लिए जल आपूर्ति (सिंचाई) की दो सिंचाई योजनाओं के नाम बताइए।
4. मैसूर विभाग के तीन प्रमुख उद्योंगों के नाम लिखिए।

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1. मैसूर विभाग के .................... जिले में अत्यधिक कॉफी उत्पादित किया जाता है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**कला, साहित्य, संगीत, जनपद, नाटक, नृत्य**

यह विभाग कला, साहित्य, नाटक, नृत्य आदि कलाओं की दृष्टि से समृद्ध रहा है। मैसूर नगर को कलाओं का जन्म भूमि कहा जाता है। तटीय क्षेत्र यक्षगान, मैदानी खेलों के लिए प्रख्यात हैं। यक्षगान राष्ट्रीय तथा अन्तराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त कर चुका है। कंसाले नाच, चौडिके कला, वीरगासे नाच, पट नाच, नंदीकोल(डंडा) आदि जनप्रिय जनपद कलाएँ हैं। कोडवा का उत्तरी(हुत्तरी) पर्व, तटीय प्रदेशो में भूताराधना, कंबल आदि विशिष्ठ जनप्रिय आचरण है।

मैसूरु राजमहल कला, नृत्य, संगीत आदि के लिए प्रोत्साहन देता था। इससे मैसूरु परम्परा की विशिष्टता नृत्य, संगीत, वर्णकला आदि में स्थान पाती है। भरतनाट्यम्, कर्नाटक नाटक, संगीत-नाटकों को राजमहल से सदा प्रोत्साहन मिलता रहा है। मैसूरु नगर को राजमहल से सदा प्रोत्साहन मिलता रहा है। मैसूरु नगर में सरकार का प्रदर्शनीय रंगमंच स्थापित हुआ है। जो वर्ष पूर्ण नाटकों (खजाना) आदि को तैयार कर प्रदर्शन करता रहता है। वर्तमान में राज्य के भिन्न भिन्न भागों में रंगमंच केंद्र आरंभ हो रहे हैं। मैसूरु में बृहत् कलामंदिर बनाया गया है।



**मैसूर राज महल**

मैसूरु विभाग के जिले अनेक प्रसिद्ध साहित्यकारों के स्थान हैं। हासन के राजाराव  अंग्रेजी के प्रसिद्ध उपन्यासकार हैं। आर.के. नारायण एक अन्य प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यासकार हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत शिवराम कारंत दक्षिण कन्नड जिले के हैं। कन्नड के सुगम संगीत को जान डालने वाले के.एस.नरसिंहस्वामी मैसूर नगर से संबंधित है। गोरुरु रामस्वामी अय्यंगार, डॉ.एस.एल. भैरप्पा, एम.गोपाल कृष्ण अडिगा, बी.एम.श्री, ए.एन.मूर्तिराव, देवनूरु महादेव, आलनहल्ली कृष्ण, पूर्णचंद्र तेजस्वी, कोडुगु की गौरम्मा, तिरुमलांबा, त्रिवेणी, निरंजन आदि ने कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया ये सभी इसी विभाग की विभूति हैं। आर.के. श्रीकंठन्, वीणे शेषण्णा, पिटील चौडय्या, वीणे दोरेस्वामी अय्यंगार, कद्रीगोपालनाथ आदि संगीत के क्षेत्र में महान दिग्गज है ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

व्यंग्य चित्रकार आर. के. लक्ष्मण, रंगभूमी के महमद पीर, चित्रकला के. के.के. हेब्बार, रंगभूमी और चलचित्र क्षेत्र के बी.वी. कारंत, आधुनिक पूर्व सहीत्या के संची होन्नम्म, रत्नाकर वर्णी, सिंगारार्य आदी मैसुर विभाग के संस्कृतिक साधक है। फील्ड मार्शल जनरल कार्यप्प, जनरल के.एस तिम्मय्य आदी राष्ट्र को कीर्ति प्रदान किए सैनिक दंडाधिपति हैं। विज्ञानी राजारामण्ण, यु.आर. राव की साधना उल्लेखनीय है। सामाजिक न्याय हरिकार देवराज अरस मैसूर विभाग के हैं।


बी.एम.श्री


देवनूर महादेव


पिटील चौडय्या



के.एस. नरसिंहस्वामी


के.के. हेब्बार


आर.के. नारायण


जनरल कार्यप्प


देवराज अरस

**निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

1. कोडवाओं द्वारा मनाए जाने वाले फसलों के कटाव का त्योहार कौन सा है?
2. कर्नाटक सरकार की नाटक संस्था रंगमंच का केंद्र स्थान कौन से नगर में है?
3. मैसूरु विभाग के दो प्रसिद्ध अंग्रेजी उपन्यासकारों के नाम लिखिए।
4. कन्नड के दो प्रसिद्ध उपन्यासकारों के नाम बताइए।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



हुत्तरी पर्व, कोडगु

### शिक्षा और हमारा स्वास्थ्य

मैसूरु एक शिक्षा केंद्र है। इस विभाग में साक्षरता का स्तर उत्तम है। मैसूरु वोडेयर के शासन काल में शिक्षा को प्रोत्साहन मिला। स्वर्ण जयंती मना रहा मैसूर विश्वविद्यालय सन् 915 में आरंभ हुआ था। इस विभाग के अनेक जिलों में वैद्यकीय तथा अभियांत्रिक महाविद्यालय हैं। इस विभाग के प्रमुख जिले मंगलूरु में मंगलूरु विश्वविद्यालय है। इस विभाग में अनेक निजी विश्वविध्यालय भी हैं। मैसूरु नगर में खाद्य संशोधन संस्था सी.एफ.टी.आर.आई (CFTRI) सेंट्रल फूड टेक्नालजी रिसर्च इंन्स्टीट्यूट) केंद्रीय खाद्य तकनीकी अनुसंधान संस्थान है।

शिक्षा क्षेत्र को सुत्तूर मठ की देन अपार हैं। पदवी कालेज, वैद्यकीय, इंजीनियरिंग कालेजों को स्वामीजी चला रहे हैं। इस विभाग में शिक्षा तथा स्वास्थ्य क्षेत्रों को धर्मस्थल तथा मणिपाल संस्थाओं की देन अपार है।



सुत्तूर मठ

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

इस विभाग के सभी जिलों में जिला अस्पताल हैं। ग्रामीण प्रदेशों में लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करानेवाले स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। यहाँ बच्चों को रोगनिरोधक टीके लगाए जाते हैं। गर्भवती तथा प्रसूता के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए सेवक सहायक, आशा कार्यकर्ता उपलब्ध हैं। इस विभाग में शिशु मृत्यु दर नीची है। जन जीवन की आयु उत्तम स्तर की है। माताओं की मृत्यु की मात्रा भी निम्न है। यह सब लोगों के स्वास्थ्य का प्रतीक है।



रोग निरोधक टीकाकरण

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

1. मैसूरु में शताब्दी महोत्सव मना रहे विश्व विद्यालय का नाम लिखिए।
2. ग्रामीण प्रदेश में लोगों को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने वाले केंद्रों का नाम बताइए।
3. दो स्वास्थ्य सूचियों के नाम बताइए।

**विभागीय सांस्कृतिक सम्पदा**

सांस्कृतिक रुप से समृद्ध विभाग मैसूर है । इन जिलों में प्राकृतिक सम्पदा कूट-कूट कर भरा है। समृद्ध नदियों, घने अरण्य प्रदेश (जंगल), वैविध्यमय वन्य-जीव, मनोहारी जालप्रपात, कला-वास्तु का वैभव, साहित्य, कला की जन्म भूमि, मैसूरु विभाग के जिले हैं। मंड्या जिला चीनी के लिए प्रसिद्ध है। यक्षगान की कला के लिए तटीय प्रदेश के जिले प्रसिद्ध हैं तो कंसाले नाच के लिए चामराजनगर प्रसिद्ध है। सोमनाथपुर, बेलूरु चन्नकेशव मंदिर की कामदेव मूर्तियाँ, श्रवणबेलगोल की गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा, हलेबीडु, मूदुबिद्रे की विश्वविख्यात कलाकृतियों से भरे मंदिर

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

आदि प्रसिद्ध हैं। मैसुरु विभाग के सभी जिले पर्यटन उद्योग के लिए समृद्ध क्षेत्र माने जाते हैं। कावेरी नदी हमारे राज्य की जीवनधारा है। कोडुगु जिले के तलकावेरी से इसका उद्‌गम होता है। कई सौ किलोमीटर लम्बा समुद्री तट यहाँ है। मत्स्यपालन, बंदरगाह, समुद्रपर साहसी क्रीडाएँ, शैक्षिक केंद्र आदि यहाँ हैं। सांस्कृतिक रुप से मैसूरु विभाग काफी समृद्ध है।



गोमटेश्वर विग्रह, श्रवणबेलगोल

©KTBS Not to be republished

### विभाग के स्वतंत्रता सेनानी

इस विभाग के गांधीजी के प्रिय स्वादी केंद्र, गृह उद्योग भी यहाँ व्यापक रुप से फैले हुए थे । मंगलूरु के कुद्मल रंगराव ने अस्पृश्यता निवार के लिए अपना जीवन ही समर्पित कर दिया। तगडूरु रामचंद्र राव गांधीजी के अनुयायी थे। इन्होंने भी अस्पृश्यता निवारण के लिए संघर्ष किया। एच.सी.दासप्पा, यशोधरम्मा दासप्पा, कार्नाड सदाशिव राव, एच.के. वीरण्णगौडा, के.टी.भाष्यम्, कमलादेवी चट्टोपाध्याय, के.वी.शंकरगौडा, के. रामकृष्ण कारंत, सी.एम.पूणच्चा आदि ने स्वतंत्रता में भाग लिया था । इनमें से कई लोगों ने कर्नाटक के एकीकरण में भी भाग लिया था। इसी प्रकार मैसूरु विभाग के जिले राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। मैसूरु का दशहरा उत्सव अन्तराष्ट्रीय स्तर पर जनप्रिय उत्सव है।

**निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

1. मैसूरु विभाग के दो प्रसिद्ध अंग्रेज उपन्यासकारों के नाम लिखिए।
2. स्वतंत्रता संग्राम के साथ साथ अस्प्रश्यता निवारण आंदोलन से जुडे दो समाज सुधारकों के नाम लिखिए।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

3. श्रवणबेलगोल किसलिए प्रसिद्ध है?
4. मैसूरु जिले के चार स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए।

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए**

1. कोडुगु जिले के .................से कावेरी नदी का उद्‌गम होता है।
2. कुद्‌मल रंगराव ने .................... निवारण के लिए संघर्ष किया।
3. मैसूरु में होने वाले विश्वविख्यात उत्सव का नाम .................... है।
4. मैसूरु विभाग के .................... और .................... जिलों में बंदरगाह हैं।

**विभाग के जिलों की विशिष्टताएँ**

इस भाग में मैसूरु के जिलों का संक्षिप्त परिचय प्राप्त करेंगे। यहाँ जिले की विशेषताएँ, प्रेक्षणीय स्थान, कृषि, उद्योग, गणनीय व्यक्ति आदि की चर्चा की जाएगी।

**1. मैसूरु जिला**



मैसूरु संस्थान की राजधानी मैसूरु सुंदर नगर है। आज यह राजधानी स्थान को खो चुका है। किन्तु यह हमारे राज्य का सांस्कृतिक केंद्र है। राज्य के सबसे प्राचीन विश्वविद्यालय नामक कीर्ति मैसूरु विश्वविद्यालय को प्राप्त है। यहाँ वार्षिक रूप से मनाया जाने वाला त्योहार दशहरा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रख्यात है। हमारी परम्पराओं का प्रतिनिधित्व करने वाला राजमहल, मंदिर, चर्च, पुरातत्व तथा वास्तय स्मारक यहाँ हैं। यहाँ का प्रमुख आकर्षण चामुण्डीपहाड तथा यहाँ

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

की नंदी प्रतिमा है। इस जिले का सोमनाथपुर, नंजनगूडु, तलकाडु, बेट्टदूरू का गोम्मटगिरि, बदनवाल खादी तथा कुटीर उद्योग प्रसिद्ध हैं। ये स्थान देश-विदेश के पर्यटकों को आकार्षित करते हैं। यहाँ के प्रसिद्ध चिडियाघर (मृगालय) में अनेक प्राणी, पक्षी, जलचर आदि बच्चों-बडों सभी को आकार्षित करते हैं। यहाँ रेल वस्तु संग्रहालय है। एशिया का बडा जानपद वस्तु संग्रहालय यहाँ है। के.आर सागर (कृष्णराजसागत) बाँध के पिछवाडे में बृंदावन उद्यान है। इस जिले के पिरियापट्टण तालुक के बैलकुप्पे नामक स्थान में तिब्बतियों का पुनर्वास केंद्र है। यहाँ अत्यंत आकर्षणीय बौद्ध मंदिर है। हमारा राज्य सन् 1979 तक मैसूर राज्य ही कहलाता था।


जगन मोहन प्यालेस


चामुंडी देवालय


बुद्ध विहार, बैलकुप्पे

**चामराजनगर जिला**

इसे प्राचीन काल में अरिकुठार कहा जाता था। कृष्णदेवराय तृतीय के भाई ने अपने पिता चामराज वोडेयर के स्मरणार्थ इसे चामराजनगर नाम दिया। इससे यहाँ चामराजेश्वर मंदिर भी बनवाया गया। यह जिला शदतूत की कृषि तथा रेशम उत्पादन उद्यम के लिए प्रसिद्ध था। आज इनकी खेती का क्षेत्र कम हो गया है।

इस जिले के कोल्लेगाल तालुक का बंडीपुर में राष्ट्रीय उद्यान है। हाथी, बाघ,चीता तथा अन्य वन्य जीवों को यहाँ पर्यटक देख सकते हैं। इसके अतिरिक्त बिलिगिरिरंगा पहाड नामक वन्य जीव धाम भी यहाँ है। यह हाथियों के निवास का प्रमुख क्षेत्र है। बिलिगिरिरंग पहाड पर बिलिगिरिरंग मंदिर भी है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**मलेमहदेश्वर देवालय**


**बंडीपूर अभयारण्य**

इस जिले में अनेक धार्मिक स्थल हैं। मलैमहादेश्वर तथा हिमवद् वेणुगोपालस्वामी देवालय इस भाग के प्रसिद्ध मंदिर हैं। इस जिले में अनेक धार्मिक स्थान हैं। हरहनहल्ली (गाँव) में लिंगायत साधकों की समाधि है। इस जिले का प्रमुख तालुक कोल्लेगाल में रेशम बुनने के लिए प्रसिद्ध है। इस तालूक के चिक्कलूर में सिद्धप्पाजी की समाधी है। सत्येगाल में प्रसिद्ध बंडल्लि दुर्ग है। यहाँ प्रसिद्ध होगेनकल्लु नामक जलप्रपात है। कन्नड साहित्य के प्रसिद्ध कवि षडक्षरदेव की समाधि यलंदूर में है ।

## हासनजिला


**चन्नकेशव देवालय, बेलूरु**


**होय्सलेश्वर देवालय, हलेबीडु**

हासनाम्बा मंदिर से इस क्षेत्र को हासन नाम मिला। इस मंदिर के गर्भगृह का द्वार वर्ष में सिर्फ एक बार खोला जाता है। इस जिले के मंदिर होय्सल वास्तु शिल्प की उत्कृष्टता का उदाहरण हैं। गोरूरु, मोसले आदि प्रसिद्ध ग्राम हैं। यगची नदी के तटपर स्थित बेलूरु में प्रसिद्ध चन्नकेशव का मंदिर है। मूर्ति शिल्प के उत्कीर्ण के लिए यह विख्यात है। इसे वेलापुरी कहा जाता था।


**एच्.डि. देवेगौडा**

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हलेबीडु में केदारेश्वर तथा होयसलेश्वर मंदिर हैं। इन मंदिरों का एक हजार वर्ष का इतिहास है। इस स्थान को द्वारसमुद्र कहा जाता है। इस जिले का एक और अद्भुत स्थान है श्रवणबेलगोल। यहाँ एक हजार वर्ष पूर्व निर्मित प्रसिद्ध एकशिला का बाहुबली की मूर्ति है। इसकी ऊँचाई 57 फूट है। बारह वर्षों में एक बार इस बाहुबली प्रतिमा का महामस्तकाभिषेक किया जाता है। जिसमें देश-विदेशों से लोग काफी संख्या में आकर भाग लेते हैं। हासन - मंगलूरु के मध्य के रेल मार्ग में 58 सुरंग हैं। इस रेलमार्ग से यात्रा करने वालों के लिए यह एक साहस पूर्ण यात्रा रहती है। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एच.डी.देवेगौडा इसी जिले के हैं।

## चिक्कमगलूरु जिला

आदि शंकराचार्य द्वारा स्थापित शारदा देवी मंदिर श्रृंगेरी में है। यह तुंगा नदी के तट पर है। चिक्कमंगलूरु नगर समुद्र तल से 1034 मीटर ऊँचाई पर है। अतः यहाँ की जलवायु सदैव ठंडी रहती है। यह जिला मलेनाडु पर्वतीय प्रदेश का केंद्र है। यह जिला वन प्रदेशों से युक्त है। इस जिले में भद्रा वन्य जीवधाम भी है। यहाँ 19 वीं शताब्दी में निर्मित सेंट एन्ड्रूज चर्च है। प्रसिद्ध जामिया मस्जिद है। केम्मण्णुगुंडी का सदाबहारी वन प्रदेश यहाँ है। समुद्रतल से 1400 मीटर ऊँचाई पर स्थित यह अनेक जलप्रपातों से युक्त प्रदेश है। नाल्मडी कृष्णराज वोडेयर ने यहाँ गर्मियों में ठहरने के लिए एक बंगला बनाया है। अब्बे जलपात, मुल्लय्यनगिरि, कल्लतगिरि आदि प्राकृतिक मनोहारी स्थान यहाँ हैं। यह प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। यहाँ 1500 से भी अधिक वैविध्यमय गुलाब के फूलों का बाग है। यह साहसी खेलों का केंद्र है। पश्चिमी घाट के प्रदेशों में स्थित बाबाबुडनगिरि को चंद्रद्रोण पर्वत कहा जाता है। सूफी संत बाबाबुडन दरगाह यहाँ है। भारत को कॉफी से परिचित कराने वाले बाबाबुडन माने जाते हैं। बाबाबुडन की दरगाह मुसलमानों और हिंदुओं का यात्रास्थान है। यहाँ की एक गुफा (खोह) में दत्तात्रेय पीठ है।

कन्नड साहित्य के प्रसिद्ध कवि लक्ष्मीश का जन्मस्थान देवनूरु इस जिले में है। इनकी रचित जैमिनी भारत कन्नड की प्रसिद्ध रचना है।

इस जिले के पर्वतों से तुंगभद्रा, हेमावती, नेत्रावती तथा वेदावती नदियाँ उद्गम होती हैं।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


श्रृंगेरी शारदांबा देवालय


बाबा बुडनगिरी दर्गा


सेंट अंड्रोस चर्च

## मंड्या जिला

मैसूर जिले का विभाजन कर सन् 1938 में मंड्या जिले की रचना हुयी । मांडव्य ऋषि ने यहाँ तपस्या की थी, ऐसा माना जाता है। इस कारण इसका नाम मंड्या पडा। इस जिले की मुख्य फसलें गन्ना और धान हैं। भारत का सबसे बडा चीनी का कारखाना यहाँ 1933 में प्रारंभ हुआ। इस जिले में कई चावल के भण्डार हैं। कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार ने गुंडलु नामक स्थान पर सन् 1951 में कृषि अनुसंधान केंद्र स्थापित किया। शिवल्ली नामक स्थान में बीज उत्पादन का केंद्र है।

इस जिले का **श्रीरंगपट्टण** ऐतिहासिक और धार्मिक क्षेत्र है । अंग्रेजों ने इसे सन् 1799 में अपने वश में कर लिया इससे पूर्व यह वोडेयर राजाओं की राजधानी थी। टीपू सुल्तान द्वारा बनवाए गए कई मस्जिद, दुर्ग, अस्त्रों की कोठरी आदि यहाँ हैं। हैदर अली और टीपू सुल्तान की समाधियाँ गुम्बज में हैं। टीपू सुल्तान द्वारा बनवाया गया गार्मियों के लिए राजमहल दरिया दौलत आकर्षणीय है।


कृष्णराजसागर बाँध


श्रीरंगपट्टण देवालय


दरिया दौलत बाग

यह शहर कावेरी नदी के तट पर है। इस शहर के आराध्य देव श्रीरंगनाथस्वामी हैं। यहाँ श्रीरंगनाथस्वामी का मंदिर विशाल क्षेत्र में है। कावेरी नदी द्वारा निर्मित तीन द्वीपों में तीन श्री रंगनाथ स्वामी के मंदिर बने हैं। प्रथम मंदिर श्रीरंगपट्टण में,



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दूसरा शिवनसमुद्र में तथा तीसरा तमिलनाडु के श्रीरंगम् में है। पश्चिम वाहिनी हिंदुओं का पवित्र क्षेत्र है। इसके अतिरिक्त यहाँ आदिनाय तीर्थंकर का जैन मंदिर है। जुम्म मस्जिद है। गंजाम नामक स्थान में फ्रेंच पर्यटक अब्बे डुबाइस द्वारा निर्मित चर्च (गिरिजाघर) है। यह स्थान बैलगाडियों के तैयार करने का केंद्र है।

इस जिले के अन्य प्रमुख केंद्र मंटेस्वामी के पीठ बोप्पगौडनपुर, रंगनतिट्टु पक्षिधाम, पांडवपुर, मेलुकोटे, गगनचुक्की-भरचुक्की जलप्रपात का स्थान शिवनसमुद्र, चुंचनगिरि आदि हैं। आदिचुंचनगिरि मठ यहाँ अनेक शाला-कालेज तथा तांत्रिक शिक्षा केंद्रों को चला रहा है। मेलुकोटे में सन् 1854 में स्थापित संस्कृत पाठशाला है। यहाँ परकालमठ, अहोबला मठ, तथा यतिराज मठ है।

मंड्या जिले की अभिवृद्धि का मूल स्रोत कृष्णराज सागर बाँध है। कावेरी नदी पर निर्मित यह बाँध मंड्या तथा मैसूरु जिलों की कृषि के लिए जल उपलब्ध कराता है। इसे सर एम.विश्वेश्वरय्या के मार्गदर्शन में निर्मित कराया गया था। इसके निर्माण के सूत्रधार नाल्वडी कृष्ण राज वोडेयर के नाम पर इस बाँध का नामकरण हुआ। इसे सन् 1932 में निर्मित किया गया। यह केवल सिंचाई योजना के लिए ही नहीं पीने का पानी भी यहाँ से उपलब्ध कराया जाता है। इससे आगे बहकर जानेवाली कावेरी नदी पर तमिलनाडु के सेलम के निकट मेट्टूर बांध निर्मित किया गया है।

**कोडगु जिला**


चर्च विराजपेट

यह कर्नाटक के कश्मीर के नाम से प्रख्यात है। केलदी नेताओं के शासन का पतन होने के बाद यहाँ सन् 1600 से 1834 तक हालेरी राजाओं का शासन था। सन् 1834 में अंग्रेजों ने इसे अपने कब्जे में कर लिया। सन् 1956 में यह कर्नाटक में एकीकृत है। यह पहाडों-पर्वतों से युक्त जिला है। लोगों का परम्परागत वस्त्र विधान भी विशिष्ट है। त्योहारों में हुत्तरी पर्व बडे धूम-धाम से मनाया जाता है । कोडगु प्रसिद्ध पर्यटन केंद्र है। यहाँ के कावेरी नदी के उद्गम स्थान तलकावेरी, अब्बे जलप्रपात, इर्पूजलप्रपात, दुबारे में हाथियों को वश में करने का केंद्र, नागरहोले आदि प्रमुख पर्यटन केंद्र हैं। यहाँ बौद्ध धर्म संबंधी अनेक देवी-देवताओं का मंदिर बडे ही आकर्षक रूप से निर्मित है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पूरे देश में चिक्कमंगलूरु को छोडके सबसे अधिक काफी उत्पादन करनेवाला जिला कोडगू है। कर्नाटक राज्य का अत्यंत छोटा जिला कोडगु है। यहाँ तीन तालुक हैं। इस जिले में काफी संख्या में कोडवा लोग, कुडिया, मलेकुडि आदि आदिवासी लोग मुसलमान तथा ईसाई लोग रहते हैं । विराजपेट में स्थित चर्च (गिरिजाधर) आकर्षक है।

**दक्षिण कन्नड जिला**

यह कर्नाटक का प्रसिद्ध तटीय प्रदेश का बंदरगाह और निर्यात व्यापार के लिए यह सहायक है। मत्स्यपालन, बीडी बनाने, काजू परिष्करण (शुद्धीकरण), कृषी यहाँ के लोगों का प्रमुख उद्योग (व्यवसाय) हैं। तटीय प्रदेश अखण्ड रूप से मद्रास संस्थान का हिस्सा था। किंतु अंग्रेजों ने सन् 1860 में केनरा प्रदेश को विभक्त कर दक्षिण कन्नड और उत्तर कन्नड नामक जिले की रचना की । दक्षिण कन्नड जिला मद्रास प्रांत में रह गया। उत्तर कन्नड जिले का प्रशासन बांबे प्रांत को स्थानांतरित हो गया। ये जिले सन् 1956 में कर्नाटक में एकीकृत हुए।

(c) KTBS Not to be Republished



हज़ार खंबों की बसदी, मूडबिदरे



मंजुनाथ देवालय, धर्मस्थल



उल्लाल जामा मस्जिद



सेंट अलोशियस चर्च



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दक्षिण कन्नड जिले को प्राकृतिक दृष्टि से दो भागों में बाँटा गया है। मंगलूरु तथा बंटवाल तालुक तटीय प्रदेश हैं तथा पुत्तूरु, बेल्तंगडी और सूल्या मलेनाडु (पर्वतीय) प्रदेश हैं।

यह प्रसिद्ध व्यापार केंद्र है। पणंबूरु बंदरगाह प्रसिद्ध निर्यात केंद्र है। यहाँ नवमंगलूरु बंदरगाह निर्मित किया गया है। मंगलूरु के बज्पे में अंतर्राष्ट्रीय विमान पत्तन है।

नेत्रावती, पयस्वनी, कुमाराधारा इस जिले में बहने वाली प्रमुख नदियाँ हैं। इस जिले में अनेक धार्मिक केंद्र हैं। वेणूरु में एकाशिला गोमटेश्वर प्रतिमा है। कद्री में श्री मंजुनाथ का मंदिर है। मूडबिद्रे जैनों का पवित्र स्थान है। यहाँ अनेक जैन मंदिर हैं। धर्मस्थल प्रसिद्ध तीर्थस्थान है। कटील का दुर्गापरमेश्वरी मंदिर काफी ख्याति प्राप्त स्थल है। कुद्रोल्लि का गोकर्णनाथेश्वर मंदिर एक अन्य प्रसिद्ध यात्रा स्थल है। इसके अतिरिक्त सेंट अलोशियस चर्च, मिलाग्रिस चर्च प्रसिद्ध हैं। उल्लाल का जुम्मा मस्जिद मुसलमानों का श्रद्धा केंद्र है।

पिलिकुल निसर्गधाम लगभग 350 से भी अधिक प्रदेशों में है। यहाँ डॉ.शिवराम कारंत वनस्पति उद्यान है। विज्ञान केंद्र, वास्तुशिल्प केद्रं, जनपद वस्तु संग्रहालय आदि यहाँ हैं। यह बच्चों तथा बडों को आकार्षित करता है।

इस जिले का पारंपरिक नाग आराधना, कंबल, भूतकोल, यक्षगान आदि आचरण प्रसिद्ध हैं। आज  दक्षिण कन्नड जिला राज्य के प्रमुख शैक्षिक केंद्र के रुप में विकासित हो रहा है। मंगलुरु, सुरतकल, सूल्या आदि प्रमुख शैक्षिक केंद्र स्थापित हुए हैं। यहाँ अनेक अनुसंधान केंद्र हैं। इस जिले में सुंदर समुद्र तट हैं जो अपार पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

**उडुपि जिला**



उडुपी श्री कृष्ण देवालय



कार्कल का गोमटेश्वर



सेंट लॉरेन्स चर्च

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

दक्षिण कन्नड जिले को विभक्त कर सन् 1997 में यह जिला बना। इस जिले के पश्चिम में अरब सागर है। पूर्व में पश्चिमीघाट की पर्वत श्रेणीयाँ हैं। अनेक नदियाँ, नारियल के बाग, सुपारी बाग, धान के खेत आदि से परिपूर्ण है उडुपि जिला। राष्ट्रस्तर पर अकार्षित करने वाला कृष्णमंदिर यहाँ है। द्वैत सिद्धांत के प्रतिपादक मध्वाचार्य द्वारा यहाँ कृष्ण की प्रतिमा प्रतिष्ठापित की गयी, मानी जाती है। प्रसिद्ध संत कनकदास के लिए पूर्व से पश्चिम दिशा को घूम कर श्री कृष्ण का दर्शन देने की इस मंदिर से जुडी कथा लोगों को आकर्षित करती है। इस प्रकार कृष्ण के दर्शन स्थल को कनकन किंडी (कनक की खिडकी) नाम से जाना जाता है। कोडचाद्रि पहाड पर मूकांबिका मंदिर है। कारकला में 42 फूट ऊँचा गोमटेश्वर प्रतिमा लोक प्रसिद्ध है।

उडुपि में राष्ट्रकवि गोविंद पै का अनुसंधान केंद्र है। मल्पे, मणिपाल, कुंदापुर, मंदर्ति, कोट, कापू, बारकूरु मरवंते आदि यहाँ के प्रसिद्ध स्थान हैं। मणिपाल शैक्षिक केंद्र के रुप में विकासित हो रहा है । बसरुरू नामक स्थान प्रसिद्ध बंदरगाह है। डच् तथा पुर्तगालियों द्वारा यहाँ व्यापार किया जाता था। धान, नारियल, सुपारी, काजू यहाँ का मुख्य फसलें हैं।

मल्पे, सर्वकालीन मत्स्यपालन बंदरगाह है। यहाँ का प्रसिद्ध द्वीप सेंट मेरी द्वीप कहलाता है।



मैसूर विश्व विद्यालय



तलकावेरी




मंगलूरु बंदरगाह

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

1. मैसूरु विभाग के जिलों में उत्पन्न वाणिज्यिक फसलों की सूची बनाइए।
2. दक्षिण कन्नडा तथा उडुपि जिलों के दो-दो बंदरगाहों के नाम लिखिए।
3. मैसुरु विभाग के किन किन स्थानों में गोमटेश्वर की प्रतिमा हैं?
4. कावेरी नदी किस जिले के किस स्थान से उद्गम होती है?

**क्रिया कलाप :**

* मैसूरु विभाग के जिलों में स्थित प्राचीन मंदिरों तथा उनका निर्माण कराने वाले राजाओं की सूची बनाइए और इनका चित्र संग्रह कीजिए।
* मैसूरु विभाग के अलग-अलग जिलों के गोमटेश्वर प्रतिमाओं की सूची बनाइए। प्रत्येक प्रतिमा की उँचाई लिखिए। इस रपट में प्रतिमाओं के चित्र भी लगाइए।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 3 | प्रारंभिक समाज |
|---|---|

**पाठ परिचय**

इस पाठ में इतिहास काल और प्रागैतिहास काल के बीच का भेद बताया गया है। भूमी का उत्पत्ति और जीवियों का विकास के बारे में विवरण दिया है । प्राचीन शिलायुग, मध्य शिलायुग, नव शिलायुग और लोहयुगों में मानव जीवन के बदलाव के बारे में बताया गया है।

**सामर्थ्य**

1. इतिहास के वर्गीकरण में अक्षरों का महत्व समझना।
2. पृथ्वी पर जीव विकास के स्तरों को समझना।
3. शिलायुग के स्तर और प्रमुख स्थानों को पहचानना ।
4. नागरीकता का विकास में लोहों के पात्र का विश्लेषण करना ।

© KTBS Not to be republished

हम इतिहास को तीन प्रधान कालों में वर्गीकरण कर सकते हैं । 1. प्रागैतिहास काल(Pre historic period) 2. पूर्वभावी इतिहास काल(Proto historic period) और 3. इतिहास काल (Historic period).

मानव इतिहास में प्रागैतिहास काल ही 99.9% कालावधि का है । लेकिन उस काल का अध्ययन करने के लिए आधार बहुत ही कम हैं । इसलिए प्रागैतिहास को बहुत कम स्थान मिला है। ऊपर के तीन कालों को वर्गीकृत करने का मानदंड ही अक्षरज्ञान है। जब अक्षरज्ञान ही नहीं था वह काल को प्रागैतिहास काल कह सकते हैं। (उदा : शिलायुग) जिस काल में अक्षरज्ञान रहने पर भी उसे पढ नहीं सके तो उस काल को पूर्वभावी इतिहास काल कह सकते हैं।

(उदा: हरप्पा नागरीकता) जिस काल में अक्षरज्ञान भी है और उसे पढ भी सकते हैं, उसे इतिहासकाल कह सकते हैं ।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**मानव की उत्पत्ति और विकास :** विज्ञानी बताते हैं कि पृथ्वी का जन्म लगभग 4600 दसलाख साल पहले हुआ। भूमी पर पहले एककोश ब्याक्टीरिया प्रोकार्योट(Prokaryote) जन्म लिया। ये बिना प्राणवायु जी सकते थे। अपने लिट शक्ति और पौष्टिकांशों को परिसर से ले सकते थे। बाद में लगभग 4000 से 2500 दसलाख सालों से पहले शैवल अथवा आलगे दिखाई दिए । ये ही आगे चलकर सस्य और जीवों के कारण बने।

आस्ट्रेलिया में 3500 दसलाख साल पहले के सूक्ष्मजीवकण जीवाश्म में पाए गए हैं । कर्नाटक का संडूर तालूक में धारवाड जलज शिला में 2000 दसलाख वर्षों के पहले का सूक्ष्माणु अवशेष पाए गए हैं । ऐसे प्रारंभ होकर जीवविकास की राह में 570 दसलाख साल पहले मछली जैसे जलचर, 438 दसलाख से 408 दसलाख सालों के बीच क्रिमिकीट, 408 से 360 दसलाख वर्षों के बीच उभयवासी (भूमी, जल दोनों पर रहनेवाले), लगभग 320 दसलाख साल पहले पक्षी और सस्तनी, 65 दसलाख साल पहले बडे-बडे सस्तनी और 25 दस लाख साल पहले वानरों का विकास हुआ। 5 दसलाख साल पहले द्विपाद, 18 लाख साल पहले मानव का विकास हुआ।

इस तरह शुरु होकर जीव विकास के राह में पहले एक कोश जीवी बाद में मृद्वंगी, मछली, सस्य, कीट, उभयवासी, पंख के कीट, सरीसृप, पक्षी, सस्तनी, फूल के सस्य, घास, वानर और द्विपादियों का विकास हुआ लगभग 18 लाख साल पहले मानव का विकास हुआ। आधुनिक मानव का देह-रचनावाले पहले दक्षिण आफ्रिका में पाए गए । बताया जाता है कि ये ही आगे प्रपंच के विविध भू-भागों में रहने चले गए। इस बातपर बहुत चर्चा हो गया है।

© KTBS Not to be republished

**जीवी और सस्यों का विकास स्तर**

| साल (दसलाख में) | जीवी | सस्य |
|---|---|---|
| 4000-2500 | सूक्ष्म जीवकण | शैवल |
| 2500-570 | मृद्वंगी | आल्गे |
| 570-505 | मछलियाँ | - |
| 438-408 | कीट | भू सस्य |
| 408-360 | उभयवासी | फेर्न, शैवाल |



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| | | |
|---|---|---|
| 320-248 | सरीसृप | - |
| 248-213 | डैनासर | - |
| 213-144 | पक्षी, सस्तनी | - |
| 144-65 | - | फूल के सस्य |
| 65-38 | बृहत् सस्तनी | घास |
| 25-5 | वानर | |
| 5 | द्विपाद | |
| 1.8 | मानव | |

इतिहास पूर्व कालखंड को तीन विभागों में बाँटा गया है। 1) पुराना शिलायुग 2) मध्य शिलायुग 3) नवीन शिलायुग

**1) पुराना शिलायुग**

यह काल मानव इतिहास का आरंभिक पुरातत्विक (Archaeological) स्तर है। इस काल के लोग फल, कंद-मूल खाकर रहते थे । बंजारे - ये मानव आहार ढूँढते गफा, पत्थरों के आड में रहते थे । नुकीले पत्थरों को चाकू की तरह और औजारों की तरह उपयोग करते थे ।



शिलायुध

पत्ते और पेडों के कांड का छिलका आदि ओढने के लिए उपयोग करते थे । सभी दिनों में फल, कंद-मूल आदि नहीं मिलते थे । शिलायुग के अंतिम काल में आहार के लिए शिकार करना और मछलियाँ पकडना सीख लिया। पहली बार आग का परिचय हुआ।

शिलायुग के प्रमुख वासस्थल मध्यप्रदेश के बेलान घाटी, कर्नाटक का हुणसगि और बैचबाल प्रदेश, आंध्रप्रदेश का कर्नूल, अमरावती, तमिलनाडु का अत्तिरामपक्कम् आदी। सामान्यत: पुराना शिलायुग काल को 5 लाख साल से 12 हजार साल तक माना गाया है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**मध्य शिलायुग (Mesolithic age)**



प्रागैतिहासिक जनजीवन का काल्पनिक चित्र

यह पुराना शिलायुग और नव शिलायुग के बीच का स्थित्यंतर काल है। इसलिए इसे मध्य शिलायुग माना गया है। इस काल के मानव बडे-बडे नुकीले शिलाओं का औजारों के बदले कौशलयुक्त - छोटे शिलायुधों का उपयोग करने लगे । इसलिए इस काल को सूक्ष्म शिलायुग (Microlithic age) कहते हैं। इन छोटे नुकीले पत्थरों को बाण के आगे या लकडी के किनारे अटकाकर के, भाले की तरह उपयोग करके शिकार करते थे। जंगली धान आहार के लिए इकट्ठा करते थे।

धान या शिकार हमेशा नहीं मिलते थे । कभी कभी उपवास रहना पडता था । इसलिए इन्होंने एक उपाय ढूँढा कि शिकार के वक्त घायल हुए प्राणी अथवा उनके बच्चों को लाकर साथ में पालने लगे। एक तरह से ये प्राणी उन्हें आपत्कालीन खाने के लिए उपयोग होते थे। आगे चलकर यह पशुपालन बन गया। मध्ययुग के मानव अपने और पशुओं के लिए आहार ढूँढते फिरते थे। खाली समय वे जहाँ रहते थे वहाँ के पत्थरों पर चित्र बनाते थे। प्राणियों के चमडे को अपना पहनावा बनाए थे । आग का परिचय हो गया था। इस काल के वास स्थलों में मध्यप्रदेश के भीमबेट्क, आदमगर कर्नाटक के ब्रह्मगिरि, कनगनहल्ली, राजस्थान के बागोर, गणेश्वर पश्चिम बंगाल के बिरभानपुर, आंध्रप्रदेश का वानपसारि उत्तर प्रदेश के सराय नहर् राय्, महादह आदि प्रमुख हैं । बताते हैं कि मध्यशिलायुग का काल आज से लगभग 12000 साल से 9000 साल तक था।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## नवीन शीलायुग

मध्यशिलायुग के मानव पशुपालक होने के कारण उन्हें और उनके पशुओं को आहार का अभाव होता था । इसलिए ये लोग आहार के लिए घूमना छोडकर नवशिलायुग में आहारोत्पादन करने लगे । नदी किनारे उपजाऊ धरती पर कृषि आरंभ किया। कृषि से नवशिलायुग के लोगों को धान और उनके पशुओं को चारा मिला। इस तरह बंजारा जिन्दगी छोडकर नदी किनारों के प्रदेश में रहने लगे। इस तरह संस्कृति और नागरीकता के उदय का कारण कृषि बन गया। भारत उपखंड में आरंभिक कृषि के निशानी पाकिस्तान के मेहरगर के पास मिला है।



नव शिलायुग के आयुध

यहाँ के लोग रहने के लिए भूनी ईंट से बने घर का निर्माण किया तो काश्मीर के बुर्जहोम प्रदेश के लोग जमीन के नीचे गुफा बनाकर रहते थे। कृषी से उत्पादन किया धान को संग्रह करने की समस्या आई तो हाथों से मिट्टी का बर्तन बनाना सीखा। उसके अलावा घिसना, पिसना, पीसने के साधनों का उपयोग भी करने लगे। इस काल में ही प्रारंभिक गाँवों का विकास हुआ। चक्र का उपयोग मालूम होने के बाद गुणात्मक और अलग-अलग रुप के मटके तैयार करने लगे । इस काल में पत्थर के औजारों को अच्छी तरह से घिसकर तेज करके उपयोग करते थे। बल्लारी के पास का संगनकल्लु में इस तरह के औजारों का उत्पादन होता था । कर्नाटक के बनहल्ली, ब्रह्मगिरि, बूदिहाल, हल्लूर, पिक्लिहाल, टी.नरसीपुर, उत्नूरु, बिहार के चिरांड आदी स्थलों में नव शिलायुग के स्थान पाए गए हैं। इस काल को आज से लगभग 9000 से 5000 साल तक माना गया है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## भारत में पाए गए शिलायुग के स्थान




**लोहे का शिलायुग :** नवशिलायुग के अंत में लोह का उपयोग आरंभ हुआ था। मानव पहले लोहों में तांबे का उपयोग किया । तांबे में जस्ता मिलाकर कांसे का उत्पादन करना सीखा। कांसा तांबे से भी मजबूत एक मिश्र लोह है।

**तांबा और कांसे का शिलायुगः** तांबा और कांसे के औजारों का प्रमाण कम होने के कारण उनके साथ ही शिलायुधों का उपयोग भी जारी रहा । इसलिए इस काल को तांबा और कांसे का शिलायुग कहते हैं। यह 5000 साल के बाद का समय है। कृषि और पशुपालन इनका प्रधान उद्योग था। चक्र से बने हुए सुंदर मटकों को इस काल में देख सकते हैं।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

तांबे की चीजें, आभूषण भी मिले हैं । जमीन को जोतने और जंगल को काटकर कृषि भूमी में परिवर्तित करने में कांसे के औजारों का उपयोग हुआ। इससे आहार उत्पादन में बढोतरी हुई। उपयोग के बाद बचा अनाज को जरुरत प्रदेशों को भेजने से व्यापार शुरु हुआ। परिणाम स्वरुप वायव्य भारत में सिंधु उसकी उपनदियों के किनारे हरप्प नागरीकता जैसे बृहत् संस्कृति का खडा होना संभव हुआ । इसे इतिहासकार पहला नगरीकरण मानते हैं । दक्षिण भारत में तांबे से कांसे का उपयोग ज्यादा नहीं था। कर्नाटक के हल्लूरु, बनहल्ली, ब्रह्मगिरि आदि स्थान पर तांबा और कांसे का शिलायुग के आधार मिले हैं।


**शिला युग के समाधी**

**लोह युगः** लोहा एक मजबूत लोह है । यह दक्षिण भारत में तांबे से पहले ही उपयोग में था।

3500 साल पहले ही दक्षिण भारत में उपयोग में था। इस काल को बृहत् शिला संस्कृति का काल माना जाता है। बृहत् शिला संस्कृति के समाधि में शव के कमरे के चारोंओर शिलावृत्त (Stone Circle) का निर्माण करते थे। शवागार में काला और लाल रंग के मटके (Black and Red ware) दिखाई देते हैं । इन समाधियों को कर्नाटक में आम लोग पांडवगुडि/घर, मौर्यशिला कहते हैं। लोह के आयुध और औजारों को कृषि और करकुशल कामों में उपयोग किए गए । उत्तर भारत में लोहे का उपयोग ज्यादा होने लगा। इसे नियंत्रण करनेवाले वर्गों का उदय 2600 साल पहले ही हुआ। वे ही गणराज्य हैं। बाद में नंद और मौर्य साम्राज्य आए। लोहे का शिलायुग में आनेवाले कर्नाटक के प्रमुख स्थान हैं - बनहल्ली, हिरेबेनकल्लु, ब्रह्मगिरि, कोप्प, हेग्गडेहल्ली, टी.नरसीपुर, हेम्मिगे, हल्लूरु, जडिगेनहल्ली, सावनदुर्ग, हत्रीदुर्ग, पांडवरदिण्णे आदि।

बृहत् शिलायुग के समाधि कई तरह के हैं । उनमें शिलावृत्त(Stone Circle) खडाशिला(Menhir) शिलाघर(Dolmen), शिला (Cairn), अस्थि के मटके (Um) आदी।

Not to be republished ©KTBS



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**नए पदों का परिचयः**

सरिसृप : जमीन पर रेंगनेवाले जीवी उदा : साँप, सहस्रपदि

उभयवासी : जमीन और पानी दोनों पर रहनेवाली जीवी उदाः कछुआ, मेंढक

सस्तनी : अपने बच्चों को दूध पिलानेवाले जीवी उदा : गाय, बकरी

द्विपादी : दो पादों पर जमीन पर चलते फिरते जीवी उदा : गोरिल्ला, आदमी

**I. खाली जगाहों को उचित शब्दों से भरिए ।**

1. अक्षरों का परिचय ही नहीं, उस कालावधि को ............... काल कहते हैं ।
2. सूक्ष्म शिलायुग को .....................शिलायुग कहते हैं।
3. भारत उपखंड में कृषि के आरंभिक अवशेष ..................... स्थान में दिखाई दिए हैं।

**II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।**

1. इतिहास के तीन प्रधान काल कौन कौन से हैं?
2. भूमी कब पैदा हुई ?
3. पुराना शिलायुग के मानव का औजारों को बताइए।
4. मध्य शिलायुग को सूक्ष्म शिलायुग क्यों कहते हैं?
5. किस युग में मानव कृषि करने लगा?
6. आदमी पहले किस लोह का इस्तेमाल किया?
7. बृहत् शिलायुग के समाधि को आम लोग क्या कहते हैं?
8. कर्नाटक के प्रमुख बृहत् शिलायुग के स्थान बताइए ।

**III. समूह बनाकर चर्चा कारके उत्तर दीजिए।**

1. नावशिलायुग में कृषि उगम का कारण बने अंशों को बताइए।
2. लोह का खोज के बाद लोहयुग में क्या बदलाव हुआ?

**कार्यकलाप**

- ✻ चक्र की सहायता से मटका कैसे बनता है? देखिए।
- ✻ जेडी मिट्टी से बर्तन बनाइए ।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 4 | प्राचीन नागरीकता |
| --- | --- |

**पाठ परीचय**

इस पाठ में दुनिया के प्रमुख नागरीकता इजिप्ट, मेसोपोटेमिया, चीना और हरप्प नागरीकता का परिचय कराया गया है । इसके अलावा ग्रीक और रोमन नागरीकता के बारे में बताया गया है। इन सभी नागरीकता के देन को संक्षिप्त रुप में विवरण किया है।

**सामर्थ्य :**

1. दुनिया के प्रमुख उन्नती पाए नागरीकता किस नदी किनारे हुए ? समझना ।
2. इजिप्ट, मेसोपोटेमिया, चीना और हरप्प नागरीकता के राजकीय, ऐतिहासिक देन को समझना।
3. ग्रीक नागरीकता के नगरराज्य और उनकी देन का परिचय देना।
4. रोम नागरीकता में प्रसिद्ध जूलियस और अगस्टस् सीसर के साधनाओं को समझना ।

कोई भी जीव जिन्दा रहने के लिए आहार, पानी, हवा, रोशनी अत्यावश्यक हैं। इनके साथ रहने का स्थान, वस्त्र भी मानव के मूलभूत आवश्यकताएँ हैं। रोज उपयोग में आनेवाले पानी, शुद्ध वायु ज्यादातर नदी किनारे पाये जाते हैं। इसलिए प्रागैतिहासिक काल के मानव नदी किनारे ही वास करते थे। परिणाम स्वरुप नागरीकता भी वहीं पर अभिवृद्धि हो गया।

इस तरह नदी किनारे प्राचीन नागरीकता के पलन हैं। नैल नदी किनारे इजिप्ट नागरीकता, युफ्रेटिस और टैग्रिस नदी किनारे मेसोपोटेमिया नागरीकता ह्वांगहो और सिकियांग नदी किनारे चीना नागरीकता सिंधू और उसकी उपनदियों के किनारे हरप्प नागरीकता की अभिवृद्धि हुई।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com




**प्राचीन नागरीकता (संस्कृती)**

©KTBS Not to be republished

## इजिप्ट नागरीकता

इजिप्ट दुनिया का पहली नागरीकता है। यह नैल नदी किनारे जन्म लिया। नैल दुनिया की अत्यंत लंबी नदी है। यह आफ्रिका खंड के उत्तराभिमुख बहकर मेडिटेरेनियन समुद्र से मिलती है। रास्ते में इजिप्ट से होकर जाती है। अगर नैल नदी नहीं रहती तो इजिप्ट संपूर्ण मरुभूमी बन जाती। इसलिए इजिप्ट को नैल नदी का वरप्रसाद कहते हैं।

**राजकीय इतिहास:** लगभग 5400 साल पहले इजिप्ट में राजवंश प्रारंभ हुआ। इजिप्ट के राजाओंको फेरो कहते थे। मेनेस(Menes) पहला फेरो था । मेंफिस (Memphis) नगर इसकी राजधानी थी। इसके बाद आए हुए फेरो में खुफु,



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अमेनहोटेप्, थट्मोस् प्रमुख थे। खुफु ने गिज्हे में दुनिया का सबसे बडा पिरमिड बनवाया। अमेनहोटेप् (Amenhotep) दिग्विजय करके राज्य का विस्तार किया। बडा साम्राज्य बनाया। आगे के फेरो में थट्मोस् महान दिग्विजयी था। उसके बाद उसकी बेटी ह्याषेप्सुट् (Hatshepsut) अधिकार में आई। वह दुनिया की सबसे पहली साम्राज्ञी बनी।

अंत में लगभग 2300 साल पहले इजिप्ट को ग्रीस का राजा अलेक्सांडर ने जीत लिया। वहाँ अपना प्रतिनिधि को राजगद्दी पर बिठाकर टालेमी(Ptolemy) वंशारंभ का कारण बना।


पिरमिड

प्रसिद्ध रानी क्लियोपात्र ने (Cleopatra) इस वंश का अंतिम राज्यभार किया। इसके काल में इजिप्ट रोम साम्प्रज्य का अंग था।

**इजिप्ट नागरीकता की देनः** गेहूँ और बार्ली इजिप्ट लोगों का खाद्य फसल थे । कृषि के लिए नैल नदी का पानी को नहरों से उपयोग करते थे।

इजिप्ट समाज में गुलामों की स्थिति दयनीय था। गुलामों से बृहत् पिरामिडों का निर्माण हुआ। समाज में स्त्रीयों को उत्तम स्थान-मान था। इजिप्ट नागरीकता के लोगों में पुनर्जन्म पर विश्वास था। इसलिए लाशों को संरक्षण करके रखते थे। इस सतह के शवों को मम्मी कहते हैं।

हमारे यहाँ जिस तरह ग्रामदेवता रहते हैं उस तरह प्राचीन इजिप्ट में नगरदेवता थे। इसके अलावा सूर्य और नदी को भी देवता मानते थे । प्राचीन इजिप्ट के लोग हैरोग्लिफिक्स (Hieroglyphic) नामक चित्रलिपि का उपयोग करते थे। हैरोग्लिफ का अर्थ पवित्रलिपि। नैल नदी में उगा प्यापिरस नामक घास पर स्याही से लिखते थे। मालूम होता है कि इन्हें रेखागणित में अपार ज्ञान था। इस ज्ञान से ही पिरामिडों की रचना मुमकिन हुआ। इजिप्ट के शिल्पों में स्फिंक्स नामक बृहत् प्रतिमा आकर्षक है। इसका सिंह का देह और मानव का मुख है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**I. खाली जगहों को उचित पद से भर्ती करो।**

1. इजिप्ट नागरीकता...................... नदी किनारे जन्म लिया।
2. गिज्हे में दुनिया का बडा पिरमिड.................... फेरो ने बनवाया ।
3. दुनिया की पहली साम्प्रज्ञी......................
4. सिंह देह, मानव मुँह का इजिप्ट शिल्प को ...................... कहते हैं।

**II. नीचे दिए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए।**

1. दुनिया की लंबी नदी कौन-सी है?
2. इजिप्ट नैलनदी का वरप्रसाद कहते हैं। क्यों?
3. फेरो किसे कहते हैं? प्रमुख फेरों के नाम बताइए।
4. दुनिया का बडा पिरामिड कौन - सा है? इसे किसने बनवाया?
5. मम्मि किसे कहते हैं?
6. प्राचीन इजिप्ट लोगों का लिपि कौन सा था?

**कार्य कलापः**

- इजिप्ट नागरीकता स्मारक चित्र इकट्ठा करके आल्बम बनाइए।

©KTBS Not to be republished

## मेसोपोटेमिया नागरीकता

आज के इराक देश का टैग्रिस और युफ्रेटिस नदियों के बीच का मैदान में मेसोपोटेमिया नागरीकता का उत्थान हुआ । ग्रीक भाषा में मेसोपोटेमिया का अर्थ दो नदियों के बीच का प्रदेश। इस प्रदेश पर सुमेर, ब्याबिलोनिया, हिट्टैट, अस्सीरियन और नए ब्याबिलोनिया आदि समुदाय के लोगों ने शासन किया।

**राजकीय इतिहास :** सुमेरियन से पहले यहाँ नागरीकता जन्म लिया। उर् (गडि), किश (Kish), लगाश् (Lagash) आदी नगर राज्यों का आरंभ हुआ । सुमेरियन क्यूनिफार्म (Cuneiform) लिपि में गीली (क्ले) मिट्टी के फलक पर लिखते थे। मेसोपोटेमियनों को भारत के साथ संपर्क था। इनके बाद अक्काडियन आए। अक्काडियनों का साम्राज्य पर अनागरीकों ने हमला किया। तब इस साम्राज्य का पतन हुआ। बाद में अमोरैटर नाम का और एक समुदाय ब्याबिलान नगर से राजभार किया। ये लोग अक्काडियन राज्य को अपने कब्जे में लेकर विशाल राज्य का स्थापना किया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**हामुराबी (Hammurabi):** ब्याबिलोनिया का प्रसिद्ध राजा हामुराबी था। यह अपना कानून द्वारा प्रसिद्ध हुआ है। नेहले पे देहला तत्व पर ये कानून थे। ब्याबिलेनियन के बाद कासैट् (Kassite) और हिट्टैट समुदाय के लोग मेसोपोटोमिया पर कुछ काल तक शासन किया।



हम्मुराबी

**असुर् बनिपाल:** हिट्टैट के बाद मेसोपोटेमिया पर अस्सीरियनों ने राज किया। अस्सीरियनों में अत्यंत प्रसिद्ध चक्रवर्ती असुर् बनिपाल था। यह महान योद्धा और कवि था। निनेव्ह नगर में उत्तम ग्रंथालय का निर्माण किया ।

**नेबुखड्नेजर:** बाद में आए चाल्डियनों में नेबुखड्नेजर (Nebuchadnezzar) प्रसिद्ध है । यह प्राचीन दुनिया के सात अजूबों में से एक झूलता बगीचा (Hanging Garden) का निर्माण ब्याबिलोन नगर में किया।

अंत में लगभग 2500 साल पहले पर्षिया के चक्रवर्ती सैरस ब्याबिलोन नगर जीतने से प्राचीन मेसोपोटेमिया नागरीकता का अंत हुआ।



जिग्गुरात

**मेसोपोटेमिया नागरीकता की देन:** दुनिया में सबसे पहले कानून संहिता का उपयोग करनेवाले मेसोपोटेमियन हैं। हामुराबी दुनिया में सबसे पहले कानून संहिता को जारी किया। इसके कानून मे गुलामों पर होनेवाला अन्याय का विरोध किया था। मेसोपोटेमियन हरप्प और इजिप्ट नागरीकता के साथ व्यापार संबंध रखे थे।

इजिप्ट जैसा यहाँ भी हर एक नगर में नगरदेवता था। यहाँ जिग्गुरात (Ziggurat) नामक ऊँचे देवालय बनाते थे। कोनलिपि(क्यूनिफार्म) का उपयोग करते थे। गिल्गमेश मेसोपोटोमियनों का महाकाव्य है।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**I. रिक्त स्थानों को समुचित पद से भरिए ।**

1. असुर्बनिपाल ने .................... नगर में ग्रंथालय का निर्माण किया।
2. सुमेरियन ..................... लिपि में लिखते थे।
3. दुनिया में पहली बार कानून संहिता जारी करनेवाला राजा .......................... ।

**II. नीचे दिये प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।**

1. मेसोपोटेमिया किस नदी किनारे अभिवृद्धि पाई?
2. मेसोपोटेमिया पर राज करनेवाले समुदाय कौन थे?
3. मेसोपोटेमिया के नगर राज्यों का नाम बताइए।
4. हमुराबि के बारे में टिप्पणी कीजिए ।
5. ब्याबिलोन नगर का **झूलता उद्यान** का निर्माण किसने किया?
6. जिग्गुरात किसे कहते हैं?
7. मेसोपोटेमियनों का महाकाव्य का नाम बताइए।

**कार्यकलाप**

- प्राचीन जगत के सात अजूबों के बारे में जानकारी संग्रह कीजिए।

©KTBS Not to be republished

## चीना नागरीकता

भारत के ईशान कोन में रहनेवाला देश ही चीना है। यहाँ के लोग मंगोलियन् नामक पीले रंग का समुदाय के हैं। यांगत्से (Yangtze) और ह्वांगहो (पीली नदी) - (Hwango) यहाँ के प्रमुख नदियाँ हैं। पहले पीले नदी के किनारे चीना नागरीकता का जन्म हुआ। इसलिए इसे “चीना नागरीकता का पलना” कहते हैं। प्रारंभ में ग्रामों से ही उनका शासन करना शुरु हुआ। धीरे-धीरे चावल, रेशम उत्पादन करके विदेशी व्यापार बढाया।

**राजकीय इतिहास:** शचीना पर पहले राज करनेवाला षांग था। इसका वंश आज से लगभग 3600 से 3000 साल तक शासन किया उन्होंने कृषी को ज्यादा महत्व दिया। इस काल के लोग चीनी मिट्टी और कांसे के बर्तनों का उत्पादन और करकौशल के कला में परिपूर्ण थे । षांग वंश के बाद चौ वंश के राजा बहुत काल तक राजभार किया।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चौ वंश के प्रसिद्ध राजा हूवांग (Wu wang) प्रसिद्ध चीनी तत्वज्ञानी कन्फ्यूसियस् और लाओत्से (Lao Tze) चौ वंश के काल में ही थे। इनका राज का अंत करके चिन् (Shin) वंश अधिकार पर आया। इनके चिन नामसे ही इस देश का नाम चीना हो गया।

**षि-ह्वांग-ति (Shi-Huang-Ti) :** चिन वंश के सुप्रसिद्ध राजा षि-ह्वांग-ति चीना का एकीकरण करके, एक ही तरह के कानून लागू किया। इसलिए इसे चीना का पहला राजा कहते हैं । शत्रुओं का हमला रोकने के लिए 1500 मील का लंबा महादीवार का निर्माण किया। षि-ह्वांग-ति के मृत्यु के बाद चीन में हान वंश के राजा शासन करने लगे। इस काल को चीना का सुवर्णकाल माना जाता है।

**वु-ती (Wu-Ti):** हान् वंश के प्रसिद्ध राजा वु-ति के काल में विशाल चीना साम्प्रज्य की स्थापना हुई। विदेशी व्यापार को बढावा मिला। रोमन साम्राज्य में चीना के रेशम को बहुत माँग था। इसलिए चीना और रोम के बीच का व्यापार मार्ग रेशम मार्ग नाम से प्रसिद्ध हुआ। बौद्ध धर्म का प्रवेश चीना में इसी काल में हुआ। हान वंश के काल में कला और साहित्य को ज्यादा बढावा मिला । इसलिए इस वंश का काल चीना के इतिहास में सुवर्णयुग कहलाता है।

बाद में आए सुंग वंश के काल में लकडी का मुद्रणयंत्र और मिट्टी के बर्तन तैयार करना आरंभ :हुआ। मंगोलो ने सुंग के राजधानी पीकिंग (आज के चीना राजधानी बीजिंग) जीतकर सुंगों का राज खत्म किया।

**चीना नागरीकता की देन**

प्राचीन दुनिया को चीन की देन अपार है। चहा (Tea) और रेशम के कपडों का परिचय कराया। इसके अलावा बांस से तैयार किया कागज, पटाखा, चित्र ब्रश (Painting brush), मिट्टी के बर्तन, दिक्सूची आदी का पहचान कराने का श्रेय चीनीयों को मिलता है। चीनी लोग चित्रलिपि के द्वारा लिखते थे। इन्हें बांस पर ऊपर से नीचे की ओर लिखते थे।



**चीन की चित्र लिपी**

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चीना के तत्वज्ञानी लावोत्से और कनफ्यूसियस की देन तत्वज्ञान क्षेत्र को अपार है। लावोत्से (Lao Tze) ने चीनी लोगों को सरल जीवन, त्याग और प्रकृति के साथ मिलकर जीने का पाठ पढाया। और एक तत्वज्ञानी कनफ्यूसियस ने समाज से गायब हुए नैतिक और सामाजिक मूल्यों का पुनर् स्थापित किया।

**I. खाली जगहों को उचित पद से भरिए।**

1. चीना और रोम के बीच का व्यापार मार्ग......................मार्ग नाम से प्रसिद्ध हुआ।
2. चीनी लोग..........................लिपि द्वारा लिखते थे।

**II. नीचे के प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए।**

1. चीना नागरीकता किस नदी तट पर विकसित हुआ?
2. चीना पर राज किया वंशो का नाम बताइए ।
3. चीना का महादीवार का निर्माण किसने किया? क्यों?
4. वु-ति राजा के बारे में लिखिए।
5. प्राचीन दुनिया को चीनियों का देन क्या है? बताइए।
6. चीना देश के प्रमुख तत्वज्ञानियों के नाम बताइए।

**कार्य कलाप**

- प्राचीन और आधुनिक जगत के सात अजूबों के चित्रों का संग्रह करके एक आल्बम् बनाइए।

## ग्रीक नागरीकता

ग्रीक मेडिटरेनियन् समुद्र में रहनेवाला एक पर्याय द्वीप है। छोटे -छोटे पर्वत और घाटी में ग्रीक का विभाजन किया है। ग्रीक इंडो - युरोपियन नस्ल के हैं। प्राचीन ग्रीको में अयोलियन, डोरियन आदी समूह थे।

**नगर राज्य :** लगभग 3000 साल पहले ग्रीक के हर समूह को एक राजा था। उसे बडों का सलहा मंडली रहता था । जैसे जैसे उद्योग और व्यापार की अभिवृद्धि होती गई वैसे ये ग्राम धीरे-धीरे नगर, शहरों में विकास हुए। आगे चलकर ये ही नगरराज्य बन गए । हर एक नगरराज्य का अपना ही अलग सेना, राज-काज, नगरदेवता रहता था। इस तरह ग्रीस के नगरराज्य अलग अलग होते हुए भी सांस्कृतिक रीति से एक थे। ग्रीस के नगरराज्यों में अथेन्स और स्पार्टा अत्यंत प्रमुख थे।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**राजकीय इतिहास**

**अथेन्सः** ग्रीस में अथेन्स प्रजाप्रभुत्व व्यवस्था का एक आदर्श नगरराज्य था। लगभाग 2500 साल पहले क्लैस्तनीस (Cleisthenes) अथेन्स का राजप्रभुत्व हटाकर प्रजाप्रभुत्व स्थापित किया।बाद में अथेन्स में पेरिक्लिस का काल आरंभ हुआ। इसके कालावधि को सुवर्णयुग माना जाता है। क्यों कि इस काल में कला, साहित्य, निज्ञान, तत्वज्ञान आदी- क्षेत्रों में असाधारण विकास हुआ। इसलिए अथेन्स को पेरिक्लिस ने हेल्लास का स्कूल (Scholl of Hellas) कहा।

**स्वार्टा :** डोरियन समूह का नगरराज्य स्पार्टा ग्रीस का सैनिक राज्य था। पर्शिया का सम्प्रट डेरियस् जब ग्रीस पर हमला किया तब अथेन्स और स्पार्टा दोनों मिलकर म्याराथान युद्ध में पर्शिया को हराया। बाद में अथेन्स और स्पार्टा के बीच संघर्ष आरंभ हुआ । अंत में अथेन्स हारकर स्पार्टा के अधीन हो गया ।

**ग्रीकों की देन**

प्राचीन ग्रीकों की देन दुनिया के लिए अमूल्य है। अथेन्स नगरराज्य का देवता ज्यूस का ओलंपिया में मंदिर है। प्राचीन ग्रीक में यहाँ ओलंपिक क्रीडा में सभी नगरराज्य भाग लेते थे। आज आधुनिक ओलंपिक खेलों में दुनिया के बहुत देश भाग लेते हैं। तत्वशास्त्र को भी ग्रीकों की देन अपार है। साक्रेटिस ग्रीक का श्रेष्ठ तत्वज्ञानी था । प्लेटो उसका शिष्य था। प्लेटो का शिष्य अरिस्टाटल था। इसका शिष्य म्यासिडोनिया का राजा अलेक्सांडर था । इनका गुरु परंपरा दुनिया में श्रेष्ठ है। प्लेटो ने अकाडेमी नाम का एक शैक्षणिक संस्था का स्थापना किया। डेमोस्तेनिस ग्रीक का सर्वोत्तम भाषणकार था। होमर नाम का अंधा कवि ने इलियाड और ओडिस्सि नाम के महाकाव्यों की रचना की। होरोडोटस और थुसिडीडिस इतिहास के पितामह हैं । ईस्किलस्, सोपोक्लिस और यूरिपिडिस प्रमुख नाटककार थे । इन सब लोगों की देन दुनिया के सहित्य क्षेत्र में अत्मूल्य है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पेरिक्लिस से बनवाया गया अथेन्स का पार्थेनान् मंदिर ग्रीकों के सुन्दर वास्तुशिल्प का उदाहरण है। ग्रीक शिल्पी मानव देह रचना का तद्रूप करते थे। मैरान उस काल का प्रमुख शिल्पी था । पालिग्नाटस प्रमुख चित्रकार था। थेल्स, पैथागरस् गणित क्षेत्र के दिग्गज थे। वैद्यशास्त्र का पितामह कहनेवाला हिप्पाक्रिटस भी ग्रीक देश का ही था।

लगभग 2500 साल पहले ग्रीक और पर्शियन के बीच म्याराथान में युद्ध हुआ। उसमें ग्रीक जीत गए। यह शुभ समाचार अथेन्स को पहुँचाने के लिए फिलिप्पिडेस् (Philippides) नाम का सैनिक 24 मील दौडकर, अथेन्स के लोगों को विजयी होने का समाचार बताकर गिर पडा। वहीं उसकी मृत्यु हुई। इसकी याद में ओलंपिक खेलों में म्याराथान दौड शामिल किया।

ग्रीस के म्यासिडोनिया का राजा फिलिप ने ग्रीस देश का प्रजाप्रभुत्व व्यवस्था का नाश किया। उसका बेटा ही अलेक्सांडर। छोटी उम्र में ही दुनिया जीतने चला। यह ईजिप्ट, ब्याबिलोन, पर्शिया जीतकर भारत तक आया। बाद में अपना देश जाते वक्त रास्ते में ही उसकी मृत्यु हो गई। इसने इजिप्ट में अलेक्सांड्रिया नाम का नगर बनवाया।

**I. नीचे दिए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए।**

1. प्राचीन ग्रीकों में कितने समूह थे?
2. प्राचीन ग्रीक के नगरराज्यों का नाम बताइए।
3. अथेन्स के बारे में टिप्पणी कीजिए।
4. ग्रीस के प्रमुख इतिहासकार कौन-कौन हैं?
5. होमर के कृतियों के नाम बताइए।
6. वैद्यशास्त्र का पितामह कौन है?

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**II. नीचे दिए 'अ' सूची और 'ब' सूची में दिए विषयों को जोडकर लिखिए।**

| अ | ब |
|---|---|
| अथेन्स | पार्थेनान् मंदिर |
| प्लेटो | म्यासिडोनिया का राजा |
| पेरिक्लिस | ग्रीक नाटककार |
| अलेक्सांडर | अकाडेमी |
| ईस्किलस | नगरराज्य |

**कार्यकलाप**

- आधुनिक ओलिंपिक के बारे में विषय संग्रह कीजिए।

## रोमन नागरीकता

युरोप के दक्षिण को मेडिटरेनियन समुंदर में लंबा फैला हुआ पर्याय द्वीप ही इटली है। यहाँ ल्याटिन नाम के आदिवासी रहते थे । लगभग 2700 साल पहले टैबर नदी किनारे रोम नाम का जनवसती प्रदेश का जन्म हुआ। रोमन के मूलपुरुष रोमुलस और रीमस।

**राजकीय इतिहास :** रोम के राजकीय इतिहास में जूलियस सीसर और अगस्टस प्रमुख हैं। क्रासस्, पांपे और जूलियस इन तीनों का त्रिमूर्ति राज रोम में आरंभ हुआ । ये तीनों जनरल बनकर रोम साम्राज्य के विविध प्रदेशों का देखभाल करते थे।

**जूलियस सीसरः** क्रासस् की मृत्यु के बाद अधिकार के लिए पांपे और जूलियस के बीच स्पर्धा हुई। अंत में जूलियस पांपे को मार दिया। बाद में जूलियस इजिप्ट पर कब्जा करके वहाँ की रानी क्लियोपात्रा का प्यार पा लिया । जूलियस सीसर सर्वाधिकारी बनकर रोम का गणराज्य व्यवस्था को नाश कर दिया। इसी का सहारा लेकर विरोधियों ने इसकी हत्या कर दी। जूलियस के काल में रोम में कृषि, गृहोद्योग और व्यापारी क्षेत्रों का विकास हुआ। जूलियस ने क्यालेंडर का परिचय कराया। जूलियस के कार्यों को ही अगस्टस सीसर ने आगे बढाया।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**अगस्टस् सीसर :** अगस्टस् सीसर का पहला नाम था आक्टेवियस। वह मार्क आंटोनी और लेपिडस के साथ मिलकर दूसरा त्रिमूर्ति राज (Second Triumvirate) का आरंभ किया। लेपिडस् को भगाके आंटोनी के साथ राज्य का बँटवारा कर लिया। बाद में आंटोनी को भी हरा दिया। इसके बाद अगस्टस् सीसर के अधिकार काल को रोम का सुवर्णयुग माना जाता है। येसुक्रिस्त भी इसके काल में ही था। अगस्टस् अनेक लोकोपयोगी कार्य किया। इस काल को रोम का शांतिकाल मानते हैं । इसलिए इस कालावधि में रोम का आर्थिक और सांस्कृतिक रुप से उन्नती हुई ।

अगस्टस् के बाद आए राजा लोग असमर्थ थे आगे आदिवासी समूह के हमले से रोमन साम्राज्य का अंत हुआ।

**देनः**

दुनिया के साहित्य को रोमन की देन अपार है। वर्जिक रोम का श्रेष्ठ कवि था। मईनियडफ उसका महाकाव्य है। ओविड और एक श्रेष्ठ कवि था। इनके अलावा सिसिरो प्लौटस् आदी प्रसिद्ध साहित्यकार थे। तत्वशास्त्र के क्षेत्र में क्याटो प्रमुख थे। सिसेरो, सिनेका भी तत्वज्ञानी थे। उन्होंने प्रकृति के साथ जुडके रहने के लिए बताया। रोम के श्रेष्ठ वास्तुशिल्प के उदाहरण हैं - कलोसियम् और एमपीथियेटर। क्युपिड की प्रतिमा, अरापेसिस शिल्प रोम का श्रेष्ठ वास्तुकला के उदाहरण हैं। विज्ञान और गणित क्षेत्र में भी रोमनों को अपार ज्ञान था । मन्याचुरल हिस्टरीफ नाम का विश्वकोश की रचना प्लिनी ने की। ग्यालन रोम का प्रसिद्ध वैद्य था । स्ट्राबो, टालेमी उस काल के प्रख्यात भूगोल तज्ञ थे । रोमनों के कानून आगे के सभी कानूनों का नींव है । कानून क्षेत्र को यह बडा मूल्यवान देन है। ल्याटिन रोमन् साम्राज्य का भाषा था । आज भी कानून विज्ञान आदी क्षेत्रों में ल्याटिन भाषा के शब्दों का उपयोग ही होता है।

**I. नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर एक ही वाक्य में लिखिए।**

1. रोमन के मूलपुरुष कौन हैं?
2. पहले त्रिमूर्तीयों के नाम बताइए।
3. जूलियस सीसर के काल में किन क्षेत्रों में विकास हुआ?
4. अगस्टस् सीसर के बारे में टिप्पणी लिखिए।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

5. रोम नागरीकता के काल के प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।
6. रोमन तत्वज्ञानियों के नाम बताइए।
7. रोमन के देन की सूची बनाइए ।

**II. नीचे के प्रश्नों को समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।**

1. अगस्टस् सीसर के महान् कार्य ।
2. रोमन के देन की सूची बनाइए ।

**III. नीचे के 'अ' सूची और 'ब' सूची के विषयों को जोडकर लिखिए ।**

| अ | ब |
|---|---|
| रोम | न्याचुरल हिस्टरी |
| अगस्टस् सीसर | टैबर नदी |
| महान् प्लिनी | रोम का सुवर्णयुग |
| ग्यालन् | रोम का वास्तुशिल्प |
| कलोसियम् | रोम का श्रेष्ठ वैद्य |

**कार्य कलाप**

रोम नागतीकता के कला और वास्तुशिल्पों के चित्रों का संग्रह करके एक आल्बम बनाइए।

## हरप्प नागरीकता

एक शतमान के पहले भारत का चरित्र का वेदों के काल से अध्ययन करते थे । कुछ सालों के बाद दयाराम साहनी और रखलदास ब्यानार्जी आज के पाकिस्तान के हरप्प और मोहेंजोदारो में प्राचीन नगरों के अवशेषों को खोज निकाला। यह शोध भारत के इतिहास को वेदों से भी लगभग 2000 साल पीछे ले गया ।

प्रारंभ में सिंधू और उसकी उपनदियों के मैदान में ये अवशेष मिले तो इसे सिंधू मैदान की नागरीकता माना गया। लेकिन तब से आज तक के खोज में लगभग 1500 से भी ज्यादा स्थानों का पता चला है । परिणाम स्वरूप सिंधु नदी के मैदान से भी आगे बहुत स्थानों का खोज हुआ है।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

13 लाख कि.मी व्याप्त प्रदेश में हरप्प नागतीकता फैला हुआ है। उत्तर के छोर का स्थान काश्मीर का मांड, पश्चिम का छोर बलूचिस्तान का सुत्क जेंदार, पूर्व का छोर उत्तर प्रदेश का आलंगीपुर और दक्षिण का छोर महाराष्ट्र का दैमाबाद हैं । इसलिए यह नागरीकता को सिंधू नदी मैदान नागरीकता के बदले पहला छोर हरप्प नागरीकता नाम से जाने लगा है। हरप्प नागरीकता के अनेक नगर उजागर हुए हैं ।




©KTBS Not to be republished

उनमें पाकिस्तान के हरप्प और मोहंजोदारो, भारत के कालिबंगन् (राजस्थान), दोलावीरा, लोथाल् (गुजरात) और राखिघरी (हरियाणा) प्रमुख हैं। (भूपट देखिए)।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**नगर योजना :** हरप्प नागरीकता के नगर योजनाबद्ध निर्माण हुए थे। उनकी रक्षा के लिए किला बनवाए थे । चौडे रास्ते, सार्वजनिक कुँए, बहुत मंजिला घर, सुसज्जित जलनिकास व्यवस्था। ये सब हरप्प नगरों के विशेष लक्षण हैं। जलनिकास व्यवस्था तो हमारे पूर्वजों के अपूर्व उपलब्धी है। वे स्वच्छता को इतना महत्व दिया था, वह आज भी हमें आदर्श है। यहाँ के नगर योजना व्यवस्था दुनिया के कोई प्राचीन नागतीकता में नहीं देख सकते। मोहेंजोदारो नगर में सार्वजनिक स्नानगृह है। उसके चारों ओर कमरे हैं। हरप्प नगर में छः धान्यागार (कोठार) हैं। पास में मजदूरों के घर हैं। लोथाल् उन दिनों का प्रसिद्ध बन्दरगाह था।



**सार्वजनिक स्नानगृह, मोहेंजोदारो**

**आर्थिक जीवन :** कपास और ऊन के कपडे बुनना हरप्प लोगों का उद्योग था। उनके और एक उद्योग भुने हुए ईंटो को तैयार करना । वे पशुपालन भी करते थे । बैल, भैंसा, बकरी, भेड, सुअर, बिल्ली, कुत्ता, ऊँट और गधे पालते थे। कपास उगाते थे। पूरी दुनिया में पहली बार कपास उगाने की कीर्ति भारत को मिलता है। सिंधु नदी प्रदेश में उगाया जानेवाला कपास को ग्रीक भाषा में 'सिंधून' ही कहा जाता था। हरप्प नागरीकता और मेसोपोटेमिया नागरीकता के बीच व्यापार संपर्क था । लोथाल् बंदरगाह से अरबी समुद्र द्वारा व्यापार करते थे ।

© KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



पशुपति मुहर



साँड का मुद्रा और लिपी



एक ही सींग का काल्पनिक प्राणि का मुहर



नर्तकी की लोह की मूर्ति



मातृदेवता की मिट्टी की मूर्ती



दाडीधारी मानव की शिला मूर्ति

©KTBS Not to be republished

**सामाजिक जीवन:** हरप्प नागरीकता में स्त्री-पुरुष दोनों अलंकार प्रिय थे । स्त्रीयाँ अनेक तरह के कंठहार, चूडियाँ, अंगूठी, कान की बालियाँ, कमरबंध, नूपुर आदि आभूषण पहनती थीं। कांतिवर्धक भी इस्तेमाल करती थीं । सुगंध द्रव्यों का उपयोग भी करना जानती थीं । स्त्रीयाँ जितना ही पुरुष भी अलंकार प्रिय थे।

गोटियाँ, गेंद, पांसो का खेल खेलते थे । साँडों की लडाई लोगों का मनोरंजक खेल था। बैलगाडी, गुडिया आदी बच्चों के खिलौने थे ।

**कला :** अवशेषों में मिट्टी से बने मातृदेवताओं की छोटी मूर्तियाँ भारी संख्या में मिली हैं। लगभग 2000 से भी ज्यादा मुहरें भी मिले हैं। उनमें साँड, एकशृंगि मुहरें प्रमुख हैं। नर्तकी की लोहे की मूर्ति, दाडीवाला आदमी की शिलामूर्ति ये दोनों यहाँ



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

मिले सुन्दर मूर्तिशिल्प हैं।

**धर्म:** हरप्पन् पशुपति (शिव) और मातृदेवता की पूजा करते थे । अश्वत्थवृक्ष, सूर्य, अग्नि, भूमि, जल और नागदेवता की आराधना करते थे । कालिबंगन् और लोथाल आदी नगरों में यज्ञकुंड पाए गए हैं।

**लिपी:** हरप्प के लोग अपना ही एक लिपि और भाषा का प्रयोग करते थे । मुहरों पर लिखे लिखावट को पढने की कोशिश अनेक दशकों से विद्वान् कर रहे हैं। फिर भी समझना आज तक नहीं हुआ है।

**नगरों की अवनति:** कालानुक्रम हरप्प नागरीकता के नगरों की अवनति होने लगी। इसके अनेक कारण हैं।

- सिन्धु और उसकी उपनदियों में बार-बार आनेवाली बाढ ।
- ईंटों को भुनने के लिए ज्यादा से ज्यादा पेडों को काटने से जंगलों का नाश होना। इस कारण लोगों का वहाँ से स्थानांतरित होना।
- हरप्पनों पर बाहर से आए आर्यन् से हुए हमला ।
- सांक्रमिक रोगों का प्रसार।

इतिहासकार मानते हैं कि ऊपर के कारणों से एक बडा भव्य नागरीकता का अंत हुआ होगा । कुल मिलाकर हमारे पूर्वजों के अद्भुत नगर योजना और स्वच्छता का महत्व आज भी हमें आदर्श है।

**नाए शब्द**

- नागरीकता - नगर जीवन, वाणिज्य, विकास, लिखने की कला, लोहों का उपयोग ये सब नागरीकता को सूचित करते हैं।
- आवास - प्राचीन काल के वासस्थल

**आपको मालूम रहना.**

1. ईष्ट इंडिया कंपनी के सेना में रहे चार्ल्स म्यासन (Charles Masson) पहली बार 1826 में हरप्प जगह पर आया ।वह समझा था कि लगभग 2300 साल पहले अलेक्सांडर ने पुरुरव को हराया हुआ जगह यही है । म्यासन इस जगह पर पहले आया मगर गलत निर्णय लिया था ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2. हरप्प नागरीकता के लोगों से उपयोग होनेवाला सोना कोलार सोने की खान से भेजा जाता था।

**I. खाली जगहों को सूक्त शब्द से भरिए ।**

1. लोथाल हरप्प नागरीकता का प्रसिद्ध .................. था ।
2. मेसोपोटेमियन् हरप्प नागरीकता की .................. कहते थे ।
3. हरप्पन् .................. देवता की पूजा करते थे ।

**II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दिजिए ।**

1. हरप्प नागरीकता का दो मुख्य शहरों का नाम बताइए ।
2. दुनिया में कपास उगानेवाला पहला देश कौनसा है?
3. हरप्प नागरीकता के लोग किन देवताओं की पूजा करते थे ?
4. हरप्प नागरीकता का स्नानगृह कहाँ मिला ?
5. हरप्प नागरीकता का बंदरगाह कहाँ मिला ?
6. हरप्प नागरीकता की अवनति के दो कारण बताइए ।

**III. नीचे दिए प्रश्नों को समूह मे चर्चा करके उत्तर दीजिए ।**

1. हरप्प नागरीकता की अवनति के कारण बताइए ।
2. हरप्प नागरीकता और आपके गाँव / शहर का सामाजिक धार्मिक जीवन में दिखनेवाले समान अंशों को बताइए ।

**कार्य कलाप**

- हरप्प नागरीकता के शहर और आज के शहरों में क्या समानता है ? सूची बनाइए ।
- दुनिया के प्राचीन नागतीकताओं से संबंधित चित्रों को माहिती के साथ संग्रह कीजिए ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 5 | वेद काल की संस्कृति |
|---|---|

**पाठ परिचय**

इस पाठ में वेदों से परिचय कराया गया है। पूर्व वेदकाल और उत्तर वेदकाल के सामाजिक, आर्थिक, राजकीय और धार्मिक व्यवस्थाओं में रहे भेदों को बताया गया है।

**सामर्थ्ये**

1. चारों वेदों का स्मरण करना ।
2. पूर्व वेदकाल और उत्तर वेदकाल के समाज में हुए बदलाव को पहचानना ।
3. वेदकाल के राजकीय संस्थाओं का स्मरण करना ।
4. वेदों में रहे संदेशों को समझना ।
5. भारतीय महाकाव्यों की याद करना ।

©KTBS Not to be republished

मध्य एशिया मूल का आर्य समुदाय आने के साथ भारत में नई संस्कृति का आरंभ हुआ। उसे वेद काल की संस्कृति माना गया है। वेद संस्कृति पहले सरस्वती नदी मैदान पर, बाद में गंगा नदी मैदान पर जन्म लिया। वेद साहित्य के रचनाकाल को वेदकाल कहा गया है ।

वेद का अर्थ है ज्ञान । चार वेद हैं - ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अथर्ववेद । इनमें ऋग्वेद प्राचीन है । संस्कृत भाषा के ये वेद हजारों वर्षों तक मौखिक रुप में ही थे ।

ऋग्वेद में बहुत बार उल्लेख हुआ नदी सरस्वती है। प्रस्तुत राजस्थान का थारा रेगिस्तान में गायब हुई घग्गर्-आक्रा नदी ही प्राचीन सरस्वती नदी माना गया है। फिर भी अफगानिस्तान में बहती हेल्मंड(Helmand) नदी ही प्राचीन सरस्वती है, यह मान्यता भी है।

आर्यों के काल में चार वेद और उनसे संबंधित साहित्य की रचना हुई। वेदकाल का इतिहास जानना है तो वैदिक साहित्य ही आधार है। ऋग्वेद काल को पूर्व वेदकाल बाद में आए वेदकाल को उत्तर वेदकाल कहते हैं।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

## पूर्व वेदकाल

**सामाजिक जीवन :** पूर्व वेदकाल में परिवार समाज का मूल अंग था । पिता ही परिवार का मुखिया था। समाज में अविभक्त परिवार रुढी में था । युद्ध में जीता दास, दस्युओं को गुलाम मानते थे। आर्यों को सोम और सुर नाम के पानीयों का परिचय था।

**स्त्रीयों के स्थानमान :** समाज में स्त्रीयों को सूक्त स्थानमान थे। राजकीय संस्थाओं में भी भाग लेते थे । विधवा विवाह आचरण में था । लडकियाँ भी वेदाध्ययन करती थीं । घोषा, अपाला, लोपमुद्रा, इंद्राणी, विश्ववरा आदी वेद काल के विद्वन्मणि थीं। राजकीय संस्था, सभा और समिति में भी भाग लती थीं । बालविवाह या सतिपद्धति इस काल में नहीं थे।

**आर्थिक जीवन:** पशुपालन और कृषी आर्यों का मुख्य उद्योग थे । कई धान के उत्पादन करते थे । बार्ली, चावल, मच्छी, मांस आदी उपयोग करते थे । लोह आदी लोहों का उपयोग जानते थे । कपास और ऊन के बुनकर, लोहार, कुम्हार थे । कृषी, वैद्यकीय और पुरोहित का काम प्रमुख थे । कोई भी व्यक्ति अपना मनचाहा काम कर सकते थे । गायों को संपत्ती मानते थे । उनके लिए युद्ध भी होता था ।

**राजकीय जीवन:** आर्य अपने मुखिया को राजन् कहते थे । राजन् सर्वाधिकारी नहीं था और राजत्व वंश पारंपरिक भी नहीं था । सभा, समिति और विधात नामक राजकीय संस्थाएँ राजकीय क्षेत्र में प्रमुख पात्र निर्वाह करते थे । राजा बुजुर्ग या बडों की सलाह लेकर निर्णय देता था । वह न्यायाधीश भी था । युद्ध करना, लोगों की जान-मान और गायों की रक्षा करना और लोककल्याण करना राजा के कर्तव्य थे।

**धार्मिक जीवन:** आर्य इंद्र, सूर्य, सोम, वरुण, मित्र, यम, अश्विनी आदी देवताओं की आराधना करते थे। आर्य देवताराधना को यज्ञों द्वारा करते थे । ‘‘सत्य एक ही है। ज्ञानी लोग उसे अनेक रीति से वर्णन करते हैं । विश्व के सभी कोनों से उत्तम विचार हमारे यहाँ आए’’ । ये वेदों के संदेश हैं।

## उत्तर केदकाल

शतमान बीतते सप्त सिंन्धु प्रदेश में जनसंख्या की वृद्धि हुई। जीवन शैली में बदलाव हुए। वेदकाल के लोग धीरे-धीरे गंगा, यमुना नदी मैदान प्रदेश चले गए। कई लोग विंध्य पर्वत श्रेणी पार करके दक्षिण स्थानांतरित हुए।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**राजकीय बदलाव:** उत्तर वेदकाल में राजा बलिष्ठ बना । विधाता पूर्ण रीति से गायब हुआ तो सभा और समिति अपना महत्व खो दिया। राजा अपना क्षेत्र विस्तार करने लगा । राजत्व वंशपारंपर हो गया। राजा राज्य विस्तार के लिए अश्वमेध, राजसूय आदी यज्ञ करने लगा।

**सामाजिक बदलाव :** उत्तर वेदकाल में गोत्र पद्धति का आरंभ हुआ । ब्रह्मचर्य, गृहस्थ वानप्रस्थ और सन्यास (चातुराश्रम) व्यवस्था प्रारंभ हुआ । स्त्रीयों के स्थान-मान में भारी गिरावट हुई। स्त्रियाँ शिक्षा से वंचित हो गई । राजकीय संस्थाओं से दूर हुई। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इस तरह चार वर्ण - व्यवस्था प्रारंभ हुआ । साति सहगमन पद्धति, बाल्य विवाह आरंभ हुए। राजा और उन्नत वर्ग में बहुपत्नित्व रुढी में आया।




**धार्मिक जीवन :** धार्मिक आचारण संकीर्ण और कठिन हो गए । याग-यज्ञ आदी आचरण तीव्र हुए। हविस् के नाम पर दूध, घी, धान का अग्नि समर्पण करने से खाद्यों में कठिनाई आई। ब्रह्म, विष्णु और शिव प्रभावी देवता बने। साथ में लम्क्षी, सरस्वती, पार्वती, गणेश, स्कंद आदी देव - परिवार प्रमुख हो गए।

**महाकाव्य :** भारतीयों के अत्यंत जनप्रिय दो महाकाव्य हैं - वाल्मीकि रामायण और व्यास का महाभारत। दुनिया के महाकाव्यों में महाभारत बडा हैं। ये महाकाव्य हजारों सालों का भारतीय जनजीवन , साहित्य और कला का द्योतक है।

**नए पद**

सहगमन - मरा हुआ पति के साथ पत्नी चिता में प्राण त्याग करना ।

हविस् - यज्ञ करते समय देवताओं को घी, दूध, धान का आहुती देना।.



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**I. नीचे के प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।**

1. चार वेदों का नाम बताइए।
2. ऋग्वेद काल के देवताओं के नाम बताइए ।
3. चार वर्णों का नाम बताइए ।
4. वेदकाल के दो विद्वन्मणि के नाम बताइए ।
5. भारत के प्राचीन महाकाव्यों का नाम बताइए । इनकी रचना किसने किया है?

**II. नीचे के प्रश्नों को समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए।**

1. पूर्व वेदकाल और उत्तर वेदकाल के समाज में क्या अंतर है?

**III. नीचे के 'ए' सूची और 'बी' सूची के विषय जोडकर लिखिए ।**

| **ए** | **बी** |
|---|---|
| सोम | जनांग का मुखिया |
| राजन् | आर्यों को इस पानी का परिचय था । |
| सभा | एक यज्ञ |
| अश्वमेध | रामायण |
| वाल्मीकी | राजकीय संस्था |

**कार्य कलाप**

1. बच्चों का सचित्र रामायण और महाभारत पढिए ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 6 | ईसाई धर्म - इस्लाम धर्म |
|---|---|

**पाठा परिचय**

क्या आप जानते हैं, भारत को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र क्यों कहा गया है? यहाँ अनेक धर्मावलंबीलोग सौहार्दता से जीवन-यापन करते हैं । भारत के कुछ धर्मों के बारे में जानेंगे ।मध्य युग में यूरोप और एशिया में हुए भारी बदलाव का प्रभाव भारत पर भी हुआ।मुख्य रूप से ईसाई और इस्लाम धर्म का उदय हुआ, इन धर्मों का विकास हुआ। इनके द्वारा भारत पर जो प्रभाव पडे हैं उन्हें भारत के इतिहास के संदर्भ में हमें इसे महत्व देना चाहिए। इस पाठ में ईसा मसीह और पैगंबर मुहम्मद के जीवन और उनकी शिक्षाओं के बारे में विवरण दिया गया है। साथ में एक मजबूत संघटन के रूप में रोम कैथोलिकचर्च जिस प्रकार से उभरकर आया उसकी पृष्ठभूमि, इस्लाम साम्राज्य की स्थापना, अरब सभ्यता की देन और विश्व के इतिहास पर मंगोलों और आटमन तुर्कों के प्रभाव का निरूपण किया गया है।.

**सामर्थ्य**

1. ईसा मसीह और पैगंबर मुहम्मद के द्वारा दी गई शिक्षाओं को समझना ।
2. अरब, मंगोलों और तुर्कों के साम्राज्य विस्तार का भारत पर हुए प्रभाव को जानना।
3. ईसाइयों और मुसलमानों के तीर्थस्थान और अन्य इन्हीं से संबंधित स्थानों को मानचित्र पर दिखाना ।

©KTBS Not to be republished

## ईसाई धर्म

आज जगत में व्यापक रूप से प्रचलित धर्मों में ईसाई और इस्लाम धर्मों का नाम लिया जा सकता है। इस धर्म का उदय, विकास और उनके द्वारा जो प्रभाव पड़े हैं, उसके बारे में जानेंगे। ईसाई धर्म दो हज़ार साल पुराना है। इस धर्म की स्थापना ईसा-मसीह (जीसस क्रैस्थ) ने की थी। बाईबल ईसाई धर्म का पवित्र ग्रंथ है। बाईबिल में ईसा-मसीह के जीवन का विवरण और उपदेश हैं।

जीसस को कन्नड में 'येसु'; क्रैस्थ पद का अर्थ 'रक्षक' है।



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

**येशुक्रिस्त का जीवन :** ईसा का जन्म बेत्लेहम में मेरी के बेटे के रूप में हुआ था। वे जब लगभग तीस वर्ष के थे; उन्होंने अपना घर छोड़कर दीन-दु:खियों की सेवा में अपना जीवन बिताना शुरू किया। 'करुणा' ही धर्म का मूल स्रोत है, इस बात को कहानियों के द्वारा उदाहरण देते हुए ईसा उपदेश देते थे।

ईसा के अनुयायियों की संख्या बढने के साथ-साथ उनके विरोधियों की संख्या भी बढने लगी। वरिष्ठ धार्मिक नेताओं ने ईसा का विरोध किया। ईसा राजद्रोही है, इस प्रकार का झूठा आरोप लगाकर उन्हें सूली पर चढाया गया। (इस काल में अपराधियों को सूली पर चढाकर मृत्युदंड दिया जाता था।)

**उपदेश :** हम सब लोग भगवान के बच्चे हैं। हम सब लोग भाई-भाई हैं; ऐसी बातों पर ईसा ने विशेष जोर दिया। ''मनुष्य को पाप करने से बचना चाहिए और शुद्ध जीवन का निर्वाह करना चाहिए।'' ''आप अपने पडोसियों को वैसे ही चाहें जिस प्रकार आप स्वयं को चाहते हैं।'' ''यदि कोई आप को एक गाल पर थप्पड़ मारे तो उसे अपना दूसरी तरफ का गाल भी दिखायें''। ''मानव की सेवा ही भगवान की सेवा है।'' इस प्रकार के अनेक उपदेश ईसा ने दिए।

ईसा के जीवन के बाद उनके उपदेशों को उनके बारह परम शिष्यों ने बड़े उत्साह से प्रचार किया। इसके फलस्वरूप रोमन साम्राज्य में ईसाई समुदायों का उदय अनेक स्थानों पर हुआ। इसी समय में ईसाई धर्म के लोगों को नाना प्रकार की हिंसा का शिकार होना पड़ा। कुछ वर्षों के बाद रोमन साम्राज्य ने ईसाई धर्म को मान्यता प्रदान की।

बाद में इटली देश का रोम नगर, ईसाइयों का प्रमुख केन्द्र के रूप में उभरा। रोम के पोप ईसाइयों के परम गुरु हो गए। यूरोप और विश्व के अन्य स्थानों में प्रचारकों द्वारा ईसाई धर्म को फैलाया गया। कुछ वर्षों के बाद रोमन कैथोलिक चर्च एक प्रबल संघटन के रूप में विकास हुआ। इसके बाद पोप गुरू का आर्थिक और राजनैतिक प्रभाव बढ़ने लगा।.

**कार्य कलाप :** शांतिदूत ईसा को सूली पर चढ़ाया जाना एक पाप कृत्य था। अपने मित्रों के साथ चर्चा करके अपना अभिप्राय लिखिए ।

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

# इस्लाम धर्म

महम्मद पैगंबर इस्लाम धर्म के स्थापक थे। उनका जन्म अरब देश के मक्का नगर में हुआ था।

| पैगंबर का अर्थ है भगवान के संदेशों को फैलाना; प्रवादी । |
|---|

इस्लाम धर्म से पहले अरब देश में अनेक छोटे-बडे जाति-समुदाय थे। इनमें एकता नहीं थी। मक्का में काबा मन्दिर बड़े पैमाने का तीर्थक्षेत्र था। वहाँ मूर्तिपूजा की आराधना की परंपरा प्रचलित थी।

**महम्मद पैगंबर का जीवन:** महम्मद के पिता का नाम अब्दुल्ला था और माता का नाम अमीना था। उनके जन्म से पहले ही पिता का निधन हो गया था। प्रारंभ में वे अपने चाचा के व्यापार में सहायता करते थे। कुछ दिनों के बाद खदीजा नामक की धनवान और विधवा स्त्री ने मुहम्मद को अपने व्यापार का प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया। बाद में महम्मद का सरल जीवन और ईमानदारी से प्रभावित होकर खदीजा ने उनसे विवाह किया।

महम्मद जब 40 वर्ष के थे वे प्रार्थना और ध्यान को केन्द्रित (तपस्या) करने में मग्न रहते थे। कुछ दिनों के बाद वे अल्लाह के संदेशों को प्रचार करने लगे। इस्लाम धर्म का पवित्र ग्रंथ 'कुरान' अरबी भाषा में लिखा गया है; इसमें महम्मद के दिव्य संदेशों का उल्लेख है।

| 'इस्लाम' पद का अर्थ शरणागत है; 'मुस्लिम' पद का अर्थ - अल्लाह के सामने शरण होने वाले हैं। |
|---|

कुछ समय बाद पैगंबर के अनुयायियों की संख्या बढ़ गई। उस ज़माने में धार्मिक आचार-विचारों की टीका-टिप्पणी करने के कारण उनके विरोधियों की संख्या बढने लगी। इस कारण उन्हें मक्का से मदीना जाना पड़ा। जिस वर्ष पैगंबर मक्का से मदीना तक गये थे उसी वर्ष से मुसलमानों का 'हिज़री' शक शुरू हुआ।.

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



**चित्र 1.1 काबा - मुसल्मानों का पवित्र क्षेत्र, मक्का**

मदीना में लोगों ने महम्मद का स्वागत किया। आगे चलकर उन्होंने मक्का नगर को जीत लिया। अपने शत्रुओं को माफ कर दिया। वहाँ पर मौजूद मूर्तियों को निकलवाया, बहुत कम समय में संपूर्ण अरब देश में इस्लाम धर्म फैल गया।

**इस्लाम धर्म के उपदेश**

- अल्लाह के सिवाय कोई दूसरा भगवान नहीं है। महम्मद ही अल्लाह के पैगंबर हैं। अल्लाह को किसी भी मूर्ति के रूप में पूजना नहीं चाहिए।.
- हर एक मुसलमान को अल्लाह का सेवक बनना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को ईमानदार बनना चाहिए और सब लोग बराबर हैं।

व्यापारियों को धोखा नहीं देना चाहिए। ब्याज लेकर धन नहीं कमाना चाहिए। शिशु-हत्या, सुअर का माँस खाना और मद्यपान करना इस्लाम धर्म में निषेध है।.

- हर एक मुस्लमान को दिन में पाँच बार काबा की तरफ मुँह करके प्रार्थना (नमाज़) करना चाहिए। रमजान के महीने में दिन में भी उपवास करना चाहिए। रईस लोगों को अनिवार्य रूप से गरीबों को दान (जकात) देना



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चाहिए। हो सके तो कम से कम एक बार जीवन में 'हज' (मक्का) की यात्रा करनी चाहिए।

**कार्य कलाप :** क्रिश्चियन तथा इस्लाम मत क्या उपदेश देते हैं ? उनकी समानता और विषमताओं की सूची बनाइए ।

**आपको मालूम रहना।**

बेत्लेहम : जेरुसलेम के पास का एक छोटा शहर। अब यह इस्रेल का एक प्रदेश है ।

**उत्तरे दीजिए ।**

1. ईसा का जन्म कहाँ हुआ था? उनकी माता का नाम क्या था?
2. ईसाई धर्म का मूलग्रंथ कौन सा है?
3. ईसा की प्रमुख शिक्षाएँ कौन सी हैं?
4. मुहम्मद पैगंबर का जन्म कहाँ हुआ था? इस्लाम धर्म का प्रमुख ग्रंथ कौन-सा है?
5. मुहम्मद पैगंबर की मुख्य उपदेश कौन-कौन सी हैं ?

**क्रियाकलाप**

1. बाइबल की विवरणात्मक कहानियों को पढ़िए ।
2. ईसा के जीवन चरित्र के बारे में पढ़िए ।
3. कुरान के वाचन को सुनिए ।
4. मुहम्मद पैगंबर के जीवन चरित्र को पढिए ।
5. मानचित्र में ईसाई और इस्लाम धर्म से सम्बन्धित स्थानों को दर्शाइए ।

*****

©KTBS Not to be republished



Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

| पाठ 7 | नए धर्मों का उदय |
| --- | --- |

**पाठपरिचय :**

लगभग 2500 साल पहले वैदिक चिंतन से भिन्न कई चिंतन क्रमों का उदय हुआ । गौतम बुद्ध और महावीर नए चिंतन क्रमों के दो महान् हरिकार हैं। उनके जीवन और बोधना क्रम को पिछले भाग में प्रस्ताव किया है। साथ में उनके काल में सिंधू-गंगा नदी मैदान में रहे सोलह महाजनपद (राजतंत्र) और कई गणराज्य कैसे कार्य करते थे? इसका विवरण दिया है।

**सामर्थ्य :**

1. नए धर्मों के उदय का कारण समझना ।
2. गौतम बुद्ध और महावीर के जीवनी जानना ।
3. गौतम बुद्ध और महावीर के उपदेशों को ग्रहण करना ।
4. बौद्ध और जैन धर्मों का तत्व किस तरह आज भी प्रस्तुत हैं? इसके बारे में जानना।
5. हजारों साल से भी ज्यादा अस्तित्व में रहा गणराज्य परंपरा का सम्मान मरना ।

©KTBS Not to be republished

## नए धर्मों का उदय क्यों हुआ ?

उत्तर वेदकाल में वैदिक आचरण यज्ञ, याग के नाम पर कृषि में उपयोग होनेवाले प्रणियों का वध किया जाता था। इससे आहार उत्पादन में भी कमी आई। इसके अलावा हविस् के नाम पर यज्ञ-याग में घी, दूध, धान आदी अग्नि में दहन कर देते थे । परिणाम स्वरूप आहार का अभाव हुआ ।

एक तरफ लोगों का विश्वास था कि याग-यज्ञ करने से ही मुक्ति पा सकते हैं। ये महँगा आचरण आम लोग नहीं कर सकते थे। ये आचरण संस्कृत मंत्रों द्वारा किया जाता था । संस्कृत पुरोहित भाषा होने के कारण सामान्य जनता नहीं समझते थे । जनता की आम भाषा में सरल मार्ग दिखाके मुक्ति का मार्ग बतानेवाले नए धर्मों की राह लोग देख रहे थे ।



